हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 195, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 14 जनवरी, 2024 दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

श्री सोनल माता का जीवन जनकल्याण के लिए समर्पित रहा : प्रधानमंत्री मोदी

मढड़ा धाम चारण समाज के लिए शक्ति, परंपराओं और विधान का केंद्र

नई दिल्ली। आई श्री सोनल मां की जन्म शताब्दी के अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियो संदेश जारी कर उन्हें याद किया। वीडियो संदेश में पीएम मोदी ने कहा कि श्री सोनल मां का जीवन जनकल्याण, देश सेवा और धर्म के लिए समर्पित रहा। जूनागढ़ में लोगों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'सोनल मां का पूरा जीवन जनकल्याण, देश सेवा और धर्म के लिए समर्पित रहा।

उन्होंने कई महान लोगों जैसे भगत बापू, विनोबा भावे, रविशंकर महाराज, कानभाई लाहरी, कल्याण शेठ के साथ काम किया।' प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आई श्री सोनल मां की जन्म शताब्दी पौष के पवित्र महीने में पड़ रही है और यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मैं इस पवित्र कार्यक्रम से जुड़ा।' प्रधानमंत्री ने पूरे चारण समाज को इस अवसर पर बधाई दी और कहा कि 'मढड़ा धाम चारण समाज के लिए शक्ति, परंपराओं और विधान का केंद्र है। मैं श्री सोनल मां के चरणों में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।' पीएम ने कहा 'चारण समाज के विद्वानों के बीच उनका एक विशेष स्थान हुआ करता था। उन्होंने कितने ही युवाओं को दिशा दिखाकर उनका जीवन बदला। उन्होंने समाज में शिक्षा के प्रसार के लिए अद्भुत काम किया।

सोनल मां ने व्यसन और नशे के अंधकार से समाज को निकालकर नई रोशनी दी। कच्छ के वोवार गांव से उन्होंने बहुत बड़ा प्रतिज्ञा अभियान शुरू किया था। पशुधन के प्रति भी उनका उतना ही बल था। पशुधन की रक्षा करने पर वह हर क्षेत्र में हर समय आग्रह करती थीं। चारण समाज में एक से एक विद्वानों हुए है।

पूज्य ठारण बापू, ईसर दास जी, पिंगलशी बापू, काग बापू, मेरूभा बापू, शंकरदान बापू, शंभुदान जी, भजनीक नारणस्वामी, हेमुभाई गढवी, पद्मश्री कवि दाद और पद्मश्री भीखुदान गढवी ऐसे कितने ही व्यक्तित्व चारण समाज के विचारों को समृद्ध करते रहे हैं। विशाल चारण साहित्य आज भी इस महान परंपरा का प्रमाण है।' प्रधानमंत्री ने कहा 'आज जब भारत विकसित और आत्मनिर्भर होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है, तो आई श्री सोनल मां की प्रेरणा, हमें नई ऊर्जा देती है। इन लक्ष्यों की प्राप्ति में चारण समाज की भी बड़ी भूमिका है। सोनल मां के दिए गए 51 आदेश, चारण समाज के लिए दिशा दर्शक और पथ दर्शक हैं। चारण समाज को इसे याद रखना चाहिए और समाज में जागृति लाने का काम निरंतर जारी रखना चाहिए।'

घने कोहरे में टैंकर में जा घुसी कार, भीषण हादसे में दो लोगों की मौत; तीन घायल

सोहना। दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर ट्रक और कार की टक्कर में कार में सवार दो लोगों की मौत हो गई, वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना एक्सप्रेस-वे पर मेवात के क्षेत्र फिरोजपुर झिरका के समीप हुई। शवों को मंडीखेड़ा अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है। घायल उपचारधीन हैं, जिनकी हालात गंभीर बताई जा रही है। मृतक अंजलि (23) और हर्ष सोहना के रहने वाले थे। ये लोग शनिवार सुबह घर से अलवर जा रहे थे। हर्ष और अंजलि अलवर से एलएलबी की पढ़ाई कर रहे थे। पेपर देने के लिए निकले थे। मृतका अंजलि के पिता एडवोकेट धर्मचंद सैनी ने बताया कि बेटी को अफसर बनाना चाहते थे। वह यूपीएससी की परीक्षा की तैयारी के लिए दिल्ली में कोचिंग कर रही थी। अलवर से उनकी बेटी और भाई की बेटी एलएलबी की पढ़ाई कर रहे थे। आज पेपर देने के लिए घर से सुबह निकले थे। उनके भतीजा हर्ष और बेटी अंजलि की दुर्घटना में मौत हो गई। उनकी बहन पुष्पा भतीजी और एक परिचित गंभीर रूप से घायल हैं।

पीएम मोदी ने बदली भारतीय राजनीति की संस्कृति : जेपी नड्डा

नमो नवमतदाता सम्मेलन में भाजपाध्यक्ष बोले- विपक्ष के पास कोई मुद्दा ही नहीं

नई दिल्ली। उठो, जागो और रुको मत जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। स्वामी विवेकानंद का ये वाक्य अनंतकाल तक प्रासंगिक रहेगा। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में 'नमो नवमतदाता' सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि 12 जनवरी को हम लोगों ने अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस मनाया है। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा था- उठो जागो और रुको मत जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। ये वाक्य अनंतकाल तक प्रासंगिक रहेगा। उन्होंने कहा, हम दुनिया के सबसे युवा देश हैं... लगभग 61 फीसद भारतीय आबादी 35 वर्ष से कम है और यह हमारी ताकत, ऊर्जा और संपत्ति है और यह विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। जेपी नड्डा ने कहा कि पहले भारत की सड़कों पर चलना, बैलगाड़ी से चलने के बराबर होता था। आज हाईवे, बाईपास, रैपिड रेल रोड ट्रांसपोर्ट का विकास किया जा रहा है। इन्फ्रास्ट्रक्चर की दृष्टि से आज भारत सशक्त रूप से खड़ा है। आप उन भाग्यशाली लोगों में से हैं, जिन्हें कनेक्टिविटी, इंस्टीट्यूट, विकास के माध्यम से विकसित भारत को आगे ले जाने का अवसर मिला है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय राजनीति की संस्कृति को बदल दिया है, इसलिए विपक्ष को पता ही नहीं है कि क्या मुद्दा उठाएं। आज विपक्ष के पास मुद्दा ही नहीं बचा है। उन्होंने कहा, वोट बैंक की राजनीति के लिए ये लोग (विपक्ष) देश को जातियों में बांट रहे थे, इसलिए मोदी जी ने कहा कि मेरे लिए सिर्फ चार ही जातियां हैं- महिला, युवा, किसान और गरीब। अगर इन चार जातियों का विकास होगा, तो देश का विकास होगा। उन्होंने कहा कि मोदी जी का एजेंडा है- विकसित भारत, सशक्त युवा, महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों का उत्थान, नव उद्यमियों का विकास... जबकि इंडी अलायंस का एजेंडा है मोदी हटाओ, परिवार बचाओ और प्रॉपर्टी बचाओ।

मल्लिकार्जुन खरगे विपक्षी गठबंधन के अध्यक्ष नियुक्त, नीतीश का संयोजक बनने से इनकार

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं बैठक में बिहार सीएम और जदयू के नेता नीतीश कुमार ने संयोजक पद ठुकरा दिया। इसकी पुष्टि बिहार सरकार के मंत्री संजय झा ने भी की है। बैठक में नीतीश कुमार ने कहा कि उनकी संयोजक बनने की कोई इच्छा नहीं है बल्कि वह चाहते हैं कि गठबंधन जमीन पर मजबूत बने और बढ़ता रहे। विपक्षी गठबंधन की वर्चुअल बैठक में नीतीश कुमार ने सलाह दी कि कांग्रेस में से किसी को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

प्राण प्रतिष्ठा के दिन गोदावरी के तट पर आरती करेंगे उद्धव, बोले- देशभक्त हूं, अंधभक्त नहीं

मुंबई। अयोध्या राम मंदिर को लेकर शिवसेना (यूबीटी) के नेता उद्धव ठाकरे ने कहा कि 'राम मंदिर बन रहा है और इससे सभी खुश हैं, लेकिन मैं देशभक्त हूं अंधभक्त नहीं। राम मंदिर बने ये मेरे पिता का भी सपना था और यह हम सभी के लिए खुशी की बात है कि अब मंदिर बन रहा है, लेकिन प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शंकराचार्यों से चर्चा की जानी चाहिए थी।' उद्धव ठाकरे ने बताया कि 'वह 22 जनवरी की शाम को गोदावरी नदी के तट पर आरती करेंगे।' उद्धव ठाकरे से राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और उसमें कथित तौर पर शंकराचार्यों के शामिल न होने को लेकर सवाल किया गया था। दरअसल विपक्ष का दावा है कि शंकराचार्यों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का बहिष्कार किया है। विपक्ष का कहना है कि कथित तौर पर अधूरे राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने और प्राण प्रतिष्ठा शास्त्रों अनुसार ना होने से शंकराचार्य नाराज हैं। हालांकि श्रृंगेरी मठ के शंकराचार्य ने किसी विवाद से इनकार किया है।

शिवसेना ने राष्ट्रपति को भेजा आमंत्रण- उद्धव ठाकरे की शिवसेना ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर 22 जनवरी को नासिक में पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है। दरअसल शिवसेना (यूबीटी) ने 22 जनवरी को नासिक के कालाराम मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया है। इस दौरान महापूजन और महाआरती की जाएगी। पत्र में लिखा गया है कि भगवान राम का जन्म क्षेत्र अयोध्या है, लेकिन नासिक-पंचवटी दंडकारण्य उनका कर्म क्षेत्र है। वनवास के दौरान उनके यहां के आदिवासियों और वनवासियों से आत्मीय संबंध रहे हैं। भगवान राम की लीलाओं के प्रमाण आज भी यहां मौजूद हैं। उन्हीं प्रमाणों में नासिक का कालाराम मंदिर भी है। शिवसेना ने नासिक के कार्यक्रम में राष्ट्रपति को आमंत्रण भेजा है।

अमेरिका ने यमन की राजधानी सना में फिर बरसाए बम, हूती विद्रोहियों की चेतावनी- इसकी सजा मिलेगी

वॉशिंगटन। अमेरिकी सेना ने शनिवार की सुबह एक बार फिर से यमन के हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की। इससे पहले अमेरिका ने शुक्रवार को भी ब्रिटेन की सेना के साथ मिलकर यमन में कई जगहों पर हूती विद्रोहियों के खिलाफ भीषण हवाई हमले किए थे। शनिवार को हुआ हमला राजधानी सना में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को निशाना बनाकर किया गया। शुक्रवार को अमेरिका और ब्रिटेन के संयुक्त हमले में 28 स्थानों पर हूती विद्रोहियों के 60 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए गए थे। साथ ही अमेरिका ने अपने व्यापारिक जहाजों को कुछ दिनों तक लाल सागर से दूर रहने की सलाह दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने हूतियों पर हवाई हमले की पुष्टि करते हुए ही कहा था कि अगर हूती विद्रोहियों ने व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बंद नहीं किया तो उन पर फिर से निशाना बनाया जा सकता है। अमेरिका के हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है, जो पहले से ही इस्राइल हमास युद्ध की वजह से तनाव से जूझ रहा है। वहीं अमेरिका के हमलों के बाद हूती विद्रोहियों ने भी जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। हूती सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याहया सारी ने बयान जारी

कर कहा है कि अमेरिका को इन हमलों की सजा मिलेगी। अमेरिका का कहना है कि हवाई हमलों में हूती विद्रोहियों के उन ठिकानों को निशाना बनाया गया, जहां ज्यादा जनसंख्या नहीं थी और खासकर हूतियों के हथियारों, रडार और अहम ठिकानों पर हमले किए गए। इन हमलों में ज्यादा लोगों की मौत की आशंका नहीं है।

बंगाल में साधुओं पर हमला : श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी भड़के, कहा- 'भगवा' रंग देख भड़क जाती हैं ममता

अयोध्या। श्रीराम जन्मभूमि के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज ने पश्चिम बंगाल में साधुओं पर हुए हमले पर पलटवार किया है। उन्होंने बंगाल की मुख्यमंत्री पर हमला बोला। आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि किसी ने ममता बनर्जी को मुमताज खान नाम दिया था। राम नवमी और अन्य धार्मिक जुलूसों पर हमले हुए हैं। जब वह 'भगवा' रंग देखती हैं तो उन्हें गुस्सा आ जाता है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि वो हमले कराती हैं। यह घटनाएं बेहद निंदनीय हैं। दरअसल, पश्चिम बंगाल में भीड़ द्वारा साधुओं की पिटाई करने से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह वीडियो बंगाल के पुरुलिया जिले का बताया जा रहा है। दावा है कि साधु गंगासागर जा रहे थे, लेकिन पुरुलिया में गुंडों ने उनकी बेरहमी से पिटाई की। 30 सेकेंड के वीडियो में साधुओं के एक समूह को भीड़ ने निर्वस्त्र कर पीटा। वीडियो में सड़क पर भारी भीड़ देखी जा रही है। एक शख्स संत के केश पकड़कर खींच रहा है। दूसरा लाठी से निर्वस्त्र संत की पिटाई कर रहा। इसके अलावा कुछ लोग लात भी मार रहें हैं। घटना के बाद भाजपा आईटी सेल के अध्यक्ष अमित मालवीय ने सीएम ममता पर हमला बोला है। अमित मालवीय ने इस घटना की तुलना 2020 में पालघर में हुई घटना से की। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि, 'पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में बहुत ही चौंकाने वाला घटना सामने आई है। मकर संक्रांति के लिए गंगासागर जा रहे साधुओं के समूह को सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े अपराधियों ने निर्वस्त्र कर पीटा।' 'ममता बनर्जी को अपनी चुप्पी पर शर्म आनी चाहिए। क्या आपके लिए इन साधुओं की कोई अहमियत नहीं है? हमें इस अत्याचार का जवाब चाहिए।' हालांकि, इस मामले पर टीएमसी की तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। मुख्य पुजारी आचार्य सत्येन्द्र दास महाराज ने कहा कि भगवान राम के राजनीतिक इस्तेमाल पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के मुख्य पुजारी, आचार्य सत्येन्द्र दास ने कहा कि दो प्रकार की नीति है, एक राजनीति और दूसरी धर्मनीति। उन्होंने (भाजपा) भगवान राम को अपना बनाया और आज उनके पास उनका आशीर्वाद है। यह 'राजनीति' नहीं बल्कि 'धर्मनीति' है। राम राज्य अब आ रहा है।

नहीं रहीं मशहूर शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे, दिल का दौरा पड़ने से हुआ निधन

नई दिल्ली। मशहूर शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे हमारे बीच नहीं रहीं। शनिवार सुबह गायिका का दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उनकी उम्र 92 वर्ष थी। हार्ट अटैक के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। दिग्गज गायिका हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत के किराना घराने से जुड़ी थीं। संगीत के क्षेत्र में योगदान के लिए उन्हें भारत सरकार द्वारा तीनों प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों- पद्म विभूषण, पद्म श्री और पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिका को उस वक्त दिल का दौड़ा पड़ा, जब वे पुणे स्थित अपने आवास पर सो रही थीं। तकलीफ महसूस होने के बाद उन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां सुबह साढ़े पांच बजे उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, प्रभा अत्रे के परिवार के कुछ करीबी सदस्य विदेश में रहते हैं। परिवारीजनों के आने के बाद गायिका का अंतिम संस्कार किया जाएगा। प्रभा अत्रे का जन्म 13 सितंबर 1932 को पुणे में हुआ। वे बहुमुखी प्रतिभा की धनी थीं। एक शास्त्रीय गायिका होने के अलावा, उन्होंने एक शिक्षाविद, शोधकर्ता, संगीतकार और लेखिका के रूप में भी शानदार काम किया। विज्ञान और कानून में स्नातक प्रभा अत्रे ने

संगीत में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की थी। गायिका को जनवरी 2022 में देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। इससे पहले उन्हें 1990 में पद्म श्री पुरस्कार और 2002 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वर्ष 1991 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार से नवाजा गया।

उत्तर भारत में सर्दी और कोहरे का डबल अटैक, दिल्ली में आज सीजन की सबसे ठंडी रही सुबह, रेड अलर्ट जारी

नई दिल्ली। दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड और कोहरे का सितम जारी है। पूरे उत्तर भारत में घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं के चलते मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। सर्दी और कोहरे के चलते सड़क यातायात के साथ ही रेलवे और हवाई सेवाएं प्रभावित हुई हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू में कड़ाके की ठंड ने कहर बरपाया हुआ है। कोहरे के चलते सड़कों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। वहीं, दिल्ली के सफदरजंग में आज इस सीजन का सबसे कम न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ठंड और घने कोहरे की स्थिति को देखते हुए रेड अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली में सर्दी का येलो अलर्ट- शनिवार सुबह दिल्ली के कई इलाकों में कोहरा छाया रहा। कई जगहों पर दृश्यता शून्य रही। मौसम विभाग ने आज और कल सर्दी का यलो अलर्ट जारी किया है। अभी कोहरा कुछ दिन सवेरे और शाम को परेशान करने वाला है। मौसम ठंडा बना रहेगा और सर्द हवाएं लोगों की दुश्वारियां बढ़ाएंगी। दिन में बादल छाये रहने से रात का तापमान कुछ बढ़ सकता है। अनुमान है कि 10 जनवरी तक न्यूनतम तापमान बढ़कर आठ डिग्री तक पहुंच सकता है। जबकि अधिकतम तापमान स्थिर रहने का अनुमान है। शीतलहर के कारण कई ट्रेनें देरी से चलने के कारण हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।

दिल्ली में पांच साल की सबसे सर्द सुबह- उत्तर भारत में गलन भरी सर्दी का दौर जारी है। राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व यूपी के कई जिलों में शुक्रवार को इस सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में न्यूनतम पारा सामान्य से तीन डिग्री लुढ़ककर 3.9 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो बीते पांच साल का सबसे कम तापमान है। वहीं, कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 200 ट्रेनें छह घंटे तक की देरी से चलीं। जबकि 500 से ज्यादा उड़ानें प्रभावित रहीं। वहीं, लोग शीतलहर से बचने के लिए अलाव का सहारा ले रहे हैं।

यूपी में मौसम विभाग ने घोषित किया कोल्ड डे- यूपी में शुक्रवार को गोरखपुर, प्रयागराज, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, वाराणसी, बहराइच, फुर्सतगंज, बस्ती, शहजहांपुर में दिन का तापमान सामान्य से कम रहा। यहां पर मौसम विभाग ने कोल्ड डे घोषित किया है।

क्वाड सदस्यों भारत-जापान के बीच हुआ सहयोग-काइजिन युद्धाभ्यास, कई जहाज-एयरक्राफ्ट शामिल

नई दिल्ली। भारतीय तटरक्षक बल और जापान के तटरक्षक बल के बीच सैन्य युद्धाभ्यास सहयोग-काइजिन किया जा रहा है। यह युद्धाभ्यास चेन्नई के तट पर हिंद महासागर में हो रहा है। इस युद्धाभ्यास में भारतीय तटरक्षक बल के 9 जहाज और छह एयरक्राफ्ट शामिल हैं। वहीं जापान तटरक्षक बल का जहाज याशिमा इस युद्धाभ्यास में शामिल हो रहा है। भारतीय तटरक्षक बल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। युद्धाभ्यास के लिए जापान तटरक्षक बल का जहाज याशिमा शुक्रवार को चेन्नई पहुंचा। चेन्नई पहुंचने पर जापानी तटरक्षक दल का पारंपरिक स्वागत किया गया। भारत और जापान के तटरक्षक बलों के बीच सहयोग-काइजिन युद्धाभ्यास को लेकर साल 2006 में समझौता हुआ था। इसके बाद से लगातार दोनों देश इस युद्धाभ्यास को करते हैं। सहयोग-काइजिन युद्धाभ्यास का उद्देश्य समुद्री डकैतों और प्रदूषण के मुद्दों से निपटने पर जोर रहता है। भारत और जापान क्वाड समूह के सदस्य हैं। यही वजह है कि दोनों देशों के बीच के इस युद्धाभ्यास की अहमियत अपने आप बढ़ जाती है। हिंद महासागर में समुद्री डकैती की घटनाएं बढ़ी हैं। साथ ही चीन भी हिंद महासागर में अपने प्रभाव को बढ़ा रहा है। ऐसे में भारत और जापान लगातार सहयोग को बढ़ा रहे हैं।

संपादकीय

स्वच्छता का जज्बा

एक बार फिर स्वच्छता के देशव्यापी सर्वे में इंदौर ने सातवीं दफा अपना ताज बरकरार रखा, हालांकि इस बार कभी प्लेग से जूझने वाला सूरत भी साथ खड़ा नजर आया। निश्चित रूप से सफलता के शिखर पर पहुंच जाना महत्वपूर्ण होता है, लेकिन शिखर पर सात साल तक टिके रखना बड़ी बात होती है। जाहिर है यह सफलता सिर्फ प्रशासन व स्थानीय निकाय की ही कोशिशों से संभव नहीं थी, जब तक कि इसमें जनभागीदारी सुनिश्चित न होती। इंदौर ने घर-घर से कचरा उठाने, अगलनीय कचरे को अलग करने व कचरे का पुनर्चक्रण करने जैसे कई चरणों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। कभी सिटी ब्यूटीफुल के उपनाम से पहचान बनाने वाले चंडीगढ़ का स्वच्छता सर्वे में सर्वश्रेष्ठ सफाई मित्र बनना संतोष की बात है। लेकिन हरियाणा, पंजाब व खुद केंद्रशासित प्रदेश चंडीगढ़ की राजधानी होने तथा देश के पहले नियोजित शहर होने के नाते इस शहर को स्वच्छता के शीर्ष मानकों में खरा उतरना चाहिए था। वहीं इंदौर के साथ पहला स्थान साझा करने वाले सूरत की उपलब्धि भी सराहनीय है। कभी प्लेग की महामारी के कारण दुनियाभर में सुर्खियों में आने वाले सूरत का स्वच्छता के मानकों पर खरा उतरना निश्चित ही चौंकाने वाला है। महामारी के बाद इस शहर में सफाई के प्रयास युद्धस्तर पर किये। पिछले तीन दशक में लगातार स्वच्छता के प्रयासों का नतीजा है कि सूरत का कायाकल्प हुआ है। राज्य के रूप में महाराष्ट्र ने बाजी मारी है। वहीं गंगा किनारे बसे शहरों में वाराणसी अव्वल रहा है। मगर उत्तर प्रदेश व बिहार के किसी भी शहर का देश के दस स्वच्छ शहरों की सूची में स्थान न बना पाना नीति-नियंताओं को आत्ममंथन का मौका देता है। बिहार को भी सोचना चाहिए कि क्यों उसकी राजधानी पटना का स्थान ढाई सौ शहरों से ऊपर है। इन राज्यों को स्वच्छता को लेकर युद्ध स्तर पर काम करने की जरूरत है। स्वच्छ शहर शोभनीयता के अलावा जनस्वास्थ्य की दृष्टि से भी विशेष महत्वपूर्ण है। बहरहाल, केंद्रीय शहरी विकास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने पिछले लगभग एक दशक से स्वच्छता रैंकिंग जारी करके देश में सफाई के प्रति एक स्वस्थ प्रतियोगिता शुरू की है। सभी राज्यों को सफाई के लिये प्रेरणा मिली है। जन-जन में भी जागरूकता आई। लेकिन स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिये अभी अधिक प्रयासों की जरूरत है। हमें याद रहे कि लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री द्वारा स्वच्छ भारत मिशन की घोषणा किये दस साल हो गए हैं। अपेक्षित लक्ष्य पाने के लिये अतिरेक प्रयास करने की जरूरत है। यह भी समझने की जरूरत है कि गंदगी से ही तमाम बीमारियों को पैदा करने वाले जीवाणु-विषाणु पनपते हैं। हम स्वच्छता को प्राथमिकता देकर बीमारियों पर होने वाले खर्च को भी बचा सकते हैं। हम विचार करें कि इंदौर जैसी प्रशासनिक व जनता की भागीदारी अन्य शहरों व राज्यों में क्यों नहीं होती। यह भी कि हम घर में तो साफ-सफाई रखते हैं, लेकिन सार्वजनिक स्थलों पर सफाई को लेकर गंभीर क्यों नहीं होते। क्यों हम घर से निकलने वाले कचरे का वर्गीकरण सूखे, गीले और अगलनीय कचरे के रूप में नहीं करते। निश्चित रूप से दिल्ली में आबादी के भारी दबाव का स्वच्छता पर असर पड़ता है। लेकिन फिर भी राष्ट्रीय राजधानी में दिखने वाले कचरे के वास्तविक पहाड़ देश को शर्मसार करते हैं। जिस पर राजनीति तो होती है, लेकिन सारे दल मिलकर इसे हटाने का प्रयास नहीं करते। दरअसल, सफाई हमारी आदत में शामिल होनी चाहिए और प्रशासन को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का सलीका आना चाहिए। स्थानीय निकायों को घर-घर से वगीर्कृत कूड़ा उठाने, सीवरों की सफाई और उनका पानी जीवनदायिनी नदियों में जाने से रोकने के लिये अतिरिक्त प्रयास करने होंगे। कचरे के निस्तारण के लिये हरित तकनीक प्रयोग हो। सफाई मित्रों की सुरक्षा व सम्मान सुनिश्चित किया जाए। जिससे पूरे देश में स्वच्छता के प्रति जागरूकता को विस्तार मिले। हमें ध्यान रखना चाहिए कि पर्यावरण प्रदूषण से देश में लाखों लोगों की जान चली जाती है। सफाई की दिशा में कदम उठाकर हम पर्यावरण को शुद्ध बनाने का महती दायित्व निभा सकते हैं।

चल रहा वनवास!

फंस रहा है पेंच ।
रखें क्या विचार ?
बोलते हैं जो भी ।
है उस पर प्रहार ।।
है नजदीक चुनाव ।
योजना बनानी ।।
कर जाएं कुछ अलग या ।
राह चलें पुरानी ।।
रही बात ना बन ।
किया सब प्रयोग ।।
है गंवाया मौका ।
ना किया उपयोग ।।
पीट रहे अब माथा ।
निकला तीर कमान ।।
चल रहा वनवास ।
ना लौटा सम्मान ।।

–कृष्णेन्द्र राय

श्रीराम के निमंत्रण को ठुकरा कर कांग्रेस ने राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है

ललित गर्ग

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और अधीर रंजन चौधरी एवं इंडिया गठबंधन के अन्य दलों ने शामिल नहीं होने का निर्णय लेकर जहां अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचय दिया है, वहीं भारत के असंख्य लोगों की आस्था एवं विश्वास को भी किनारे करते हुए आराध्य देव भगवान श्रीराम को राजनीतिक रंग देने की कुचेष्ठा की है। भले ही यह भारतीय जनता पार्टी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्चस्व का अनुष्ठान है, लेकिन लोकतांत्रिक मूल्यों को प्रतिष्ठा देते हुए कांग्रेस को ऐसे राजनीतिक निर्णय लेने से दूर रहते हुए समारोह में भाग लेना चाहिए था। राम मंदिर के निमंत्रण को ठुकराना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आत्मघाती फैसला है। ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस ने खुद अपनी जमीन को खोखला करने की ठान रखी है। विनाशकाले विपरीत बुद्धि! निश्चित ही कांग्रेस अब भारत की बहुसंख्यक जनता की भावनाओं को नकार रही है, वह राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक वास्तविकताओं और भावनाओं से पूरी तरह से कट गई है। इन दिनों कांग्रेस की ओर से लिए जा रहे हर फैसले भारत विरोधी शक्तियों को बल देने, कुछ वामपंथी चरमपंथियों को बढ़ावा देने, जातीयता एवं साम्प्रदायिकता की राजनीति को कायम रखने और शीर्ष पर बैठे नेताओं के आसपास के कुछ कट्टरपंथी अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है। कांग्रेस ने पिछले कुछ दशकों में अयोध्या में मंदिर के लिए कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जो भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकार देने का ही द्योतक है। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम केवल हिन्दुओं का ही नहीं बल्कि राष्ट्र का उत्सव है। साथ ही देश के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव का महा-अनुष्ठान है।

बाबर से लेकर औरंगजेब तक सभी मुगल आक्रांताओं ने तलवार के बल पर

हिन्दुओं का धर्म परिवर्तन ही नहीं कराया बल्कि हिन्दु मन्दिरों एवं आस्था के केन्द्रों को ध्वस्त किया था। श्रीराम जन्मभूमि, श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी विश्वनाथ धाम को भी नहीं छोड़ा गया और हजारों मंदिरों को?ध्वस्त कर उनके स्थान पर मस्जिदें बनवा दीं गयी। आजादी के बाद इस गौरवमय धार्मिक एवं सांस्कृतिक इतिहास को पुनर्निर्मित करने का काम होना चाहिए था लेकिन कांग्रेस शासन ने संकीर्ण एवं स्वार्थ की राजनीति के कारण ऐसा नहीं होने दिया। आज भाजपा अपनी राष्ट्रीय अस्मिता एवं ऐतिहासिक भूलों को सुधारने काम कर रही है तो उसे राजनीतिक रंग देना मानसिक दिवालियापन एवं राष्ट्र-विरोधी सोच है। श्रीराम मंदिर राजनीति का विषय नहीं है बल्कि आस्था का विषय है। आस्था हर व्यक्ति की अस्मिता से जुड़ा प्रश्न है। राम लला साढ़े पांच सौ वर्षों से इसका इंतजार कर रहे थे। अब वह समय आ गया है, भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हो चुका है और आगामी 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिन राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में उपस्थित रहेंगे। श्रीराम भारतीय समाज के आदर्श पुरुष रहे हैं, भारत की राजनीति के लिये वे प्रेरणास्त्रोत हैं, उन्हें केवल भाजपा या आरएसएस का बताने वाले भारत की जनआस्था से स्वयं को ही दूर कर रहे हैं, स्वयं को हिन्दू विरोधी एवं राम-विरोधी होने का आधार ही मजबूत किया है। अच्छा होता निमंत्रण ठुकराने की बजाय इस समारोह में उपस्थित होकर श्रीराम के प्रति एवं असंख्य लोगों की आस्था का सम्मान करते। इस तरह एक जीवंत परम्परा को झुठलाने एवं ठुकराने के निश्चित ही आत्मघाती दुष्परिणाम होंगे।

श्रीराम राज्य तब भी और आज भी राजनीति स्वार्थ से प्रेरित ना होकर प्रजा की भलाई के लिए है। जनता की भलाई एवं आस्था को न देखकर कांग्रेस मुस्लिम एवं ईसाई वोटों को प्रभावित करने के लिये तथाकथित ऐसा निर्णय लिया है, जो उसकी हिन्दू विरोध मानसिकता का द्योतक है। कांग्रेस ने सदैव श्रीराम मंदिर आंदोलन से दूरी बनाकर रखी, मंदिर निर्माण की प्रक्रिया में रोड़े अटकाए और जिसने सर्वोच्च न्यायालय में यह हलफनामा दिया हो कि श्रीराम का कोई अस्तित्व नहीं है, श्रीराम एक काल्पनिक पात्र हैं, उस कांग्रेस के नेताओं से यह अपेक्षा ही कैसे की जा सकती है कि वे श्रीराम मंदिर निर्माण के महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक प्रसंग में उत्साह, उमंग एवं आनंद के साथ शामिल होंगे? कांग्रेस के इस निर्णय से हिन्दू मन के कांग्रेसी नेता अवश्य ही आश्चर्यचकित एवं दुःखी हैं। कांग्रेस के भीतर से ही कई नेताओं ने खुलकर यह कहने की हिम्मत दिखायी है कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम हमारे आराध्य देव हैं इसलिए यह स्वाभाविक है कि भारतभर में अनगिनत लोगों की आस्था इस नवनिर्मित मंदिर से वर्षों से जुड़ी हुई है। कांग्रेस के कुछ लोगों को उस खास तरह के बयान से दूरी बनाए रखनी चाहिए और जनभावना का दिल से सम्मान करना चाहिए।

भाकपा माले का लोकतंत्र बचाओ - संविधान बचाओ अभियान 30 जनवरी तक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को तुलसी सागर लंका भाकपा माले जिला कार्यालय पर कार्यकर्ता बैठक हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकपा माले केन्द्रीय कमेटी सदस्य कामरेड ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि 2014 में भाजपा के लोग हर साल दो करोड़ नौजवानों को सरकारी नौकरी देने, विदेशो से काला धन वापस लाएंगे, जन-धन खाते में पंद्रह लाख रुपए देंगे, हर गरीब के सर पर छत होगा, भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे, कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के नाम पर लोकसभा का चुनाव लड़े। भाजपा सरकार का दस साल पुरा होने जा रहा है। लेकिन पिछले चुनाव के एक भी वादा पूरा नहीं हुआ, आज भाजपा राम मंदिर को आगे करके लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में है। आर एस एस, भाजपा के लोग आनन फानन में अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन कर श्रेय लेने के चक्कर मे हिन्दू धर्म का विधि-विधान का उलंघन कर रहे हैं, जिसके खिलाफ शंकराचार्य बोल रहे। अपनी चुनावी फायदे के आगे उनका कोई सुनने वाला नहीं है। आर एस एस, भाजपा के द्वारा देश में माहौल को बिगाड़ कर लोकतंत्र - संविधान को खतरें में डाल दिया गया है। भाजपा का बेटी पढ़ाओ - बेटी बढ़ाओं का नारा झूठा साबित हुई है। बीएचयू में छात्रा के साथ गैंगरेप करने वाले लोगों की गिरफ्तारी हुई है जो तीनों अपराधी भाजपा के आईटी सेल के कार्यकर्ता है, दुधी विधानसभा से भाजपा विधायक को बालात्कार के केस में न्यायालय ने सजा सुनाई है। महिला पहलवानों के साथ यौन शोषण करने वाले भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह के उपर मुकदमा दर्ज होने के बावजूद अबतक गिरफ्तार नही हुए। बैठक में निर्णय हुआ कि आज से 30 जनवरी तक जिले में लोकतंत्र बचाओ - संविधान बचाओ संकल्प अभियान चलाएगी। और 26 जनवरी को जगह - जगह किसान मजदूर परेड मार्च कर गणतंत्र दिवस मनाते हुए 30 जनवरी को जिला मुख्यालय पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि दी जाएगी।

बहुलतावादी और समेकित राष्ट्रवाद के निर्माण में विवेकानन्द की महत्वपूर्ण भूमिका थी

मनोज कुमार सिंह

भारत में सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा भारतीय जनमानस के मन मस्तिष्क और हृदय में अंत्यत प्राचीन काल से विद्यमान रही है। परन्तु आधुनिक, तार्किक और वैज्ञानिक अर्थों में भारतीय राष्ट्रवाद का निर्माण और विकास ब्रिटिश साम्राज्य के विरुद्ध समेकित संघर्ष करते हुए हुआ। ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा शासित भारत में उन्नीसवीं शताब्दी में आध्यात्मिक संतों और समाज सुधारको ने भारतीय जनमानस में जोश भरने और राष्ट्रवाद के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिसमें आधुनिक काल में अद्वैत वेदांत के महान प्रतिपादक, ब्रह्मज्ञानी, निर्विकल्प समाधि में अक्षर ब्रह्म का साक्षात्कार करने वाले और जीवन-मुक्त संन्यासी स्वामी विवेकानंद इन आध्यात्मिक संतों और समाज सुधारको में अग्रपांक्तेय थे। ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा निरंतर चलाए गए दमन चक्र के फलस्वरूप हताश-निराश भारतीय जनमानस में साहस, वीरता और जोश भरने का विवेकानंद ने अद्वितीय प्रयास किया। इसके साथ अपने संदेशों के माध्यम से विवेकानंद ने लोगों को भारतीयता का बोध कराया। स्वामी विवेकानंद भारत में व्याप्त हिन्दू, मुस्लिम, सिक्ख, जैन, बौद्ध और अन्य संस्कृतियों के सहकार, समन्वय और सहमिलन में ही असली भारतीयता का दिग्दर्शन कराना चाहते थे। वह अपनी अराधना और साधना में भी सहकार, समन्वय और सहमिलन का स्वयं प्रयोग करते थे। अपने कश्मीर प्रवास के दौरान उन्होंने अपने मुसलमान नाविक की चार वर्ष की बेटी की उमा के रूप में आराधना किया था। अपनी विलक्षण आध्यात्मिक प्रतिभा से स्वामी जी ने आराध्यों में भी एकाकार स्थापित करने का अनूठा प्रयास किया। बंगाली पृष्ठभूमि में पले -बढे स्वामी जी काली के स्वाभाविक उपासक थे। काली को अनार्यों की क्रूर , रक्त पिपासु देवी समझकर उपहास करने वाले ईसाइयों को कड़ी चुनौती देते हुए यह बताया कि- भारतीय संस्कृति के प्रसार के क्रम में यही काली और उमा, ईसा मसीह की माता कन्या मेरी के रूप में सर्वत्र पूजित हो रही है।

ब्रिटिश साम्राज्य द्वारा सुनियोजित तरीके से किए गए आर्थिक शोषण से भारत लगातार कंगाल होता जा रहा था। लगातार शोषण और निरंतर संचालित दमन चक्र के साथ -साथ ब्रिटिश साम्राज्य ने भारतीय लोकमानस के मन और मस्तिष्क में बौद्धिक, तार्किक, मानसिक, वैज्ञानिक , सांस्कृतिक और सामाजिक हीनता का भाव भरने का सुनियोजित प्रयास किया। स्वामी विवेकानन्द ने प्राचीन भारत की महान दार्शनिक, बौद्धिक, सांस्कृतिक और भौतिक उपलब्धियों तथा गौरवशाली परम्पराओं को स्मरण कराते हुए भारतीय जनमानस के मन और मस्तिष्क से हीनता के भाव से उबारने का श्लाघनीय कार्य किया तथा अपने ओजस्वी संदेशो और प्रवचनों तथा तेजस्वी व्यक्तित्व के माध्यम से भारतीय जनमानस में साहस, वीरता, पराक्रम, संघर्ष के लिए आवश्यक निर्भीकता, आत्मविश्वास और आत्मबल भरने का अद्वितीय प्रयास किया। भारतीय जनमानस में साहस, पराक्रम, आत्मविश्वास और आत्म गौरव का भाव भरने के साथ -साथ भारत की सामाजिक संरचना में व्याप्त अंतर्विरोधों, मतभेदों और परस्पर विरोधी दृष्टिकोणों को मिटाकर समन्वय, सहकार, साहचर्य और सद्भावना स्थापित करने में स्वामी जी ने अद्भुत प्रयास किया।

विभाजनकारी नीतियों को भारत में अधिरोपित करने की मंशा से ब्रिटिश साम्राज्य के पक्ष पोषक चिंतको और विचारकों ने भारतीय समाज को आर्य , अनार्य, द्रविड़ और कोल इत्यादि प्रजातियों में विखंडित समाज बताया। स्वामी विवेकानन्द ने प्रजाति संबंधी इस दृष्टिकोण का अपनी तार्किक क्षमता से विरोध किया , खंडन किया और जोरदार तर्क दिया कि - पश्चिमी दुनिया के लोग मानते हैं कि - जब मानव का विकास बंदरों से हुआ है तो मनुष्य का आर्य, अनार्य, द्रविड़ और कोल इत्यादि प्रजातियों के रूप में विभाजन अतार्किक, अबौद्धिक और अमानवीय है। ज्ञानयोगी और अनासक्त कर्मयोगी स्वामी विवेकानंद ने आर्य, अनार्य द्रविड़ और कोल इत्यादि पर बहस को अनावश्यक साबित करते हुए सम्पूर्ण जनमानस के हृदय में भारतीयता का विचार (र्की ड्ढा कल्र्ल) भरने का अद्वितीय प्रयास किया। वस्तुतः स्वामी जी ने पाश्चात्य विचारों के निरंतर बौद्धिक, वैचारिक और सांस्कृतिक हमलों और आलाचनाओ से टूटते - बिखरते भारतीय समाज को संकल्पित भाव से संगठित करने का कार्य किया। आध्यात्मिक वेदांत को व्यवस्थित और व्यवहारिक रूप देते हुए स्वामी जी ने भारतीय लोकमानस में आत्मविश्वास, आत्म गौरव, आत्म निर्भरता तथा ' सत्यमेव मृगेंद्रता ' के शक्तियोग का सशक्त संदेश दिया।

स्वामी विवेकानन्द का व्यक्तित्व ओजस्वी, तेजस्वी, शक्तिशाली, सर्वतोमुखी और युवा हृदयो के लिए अनुकरणीय था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे जब विवेकानन्द को पढ़ते समझते हैं तो संघर्ष करने का साहस , उर्जा के साथ-साथ राष्ट्रप्रेम हजार गुना बढ़ जाता हैं। गुरुवर रविन्द्र नाथ टैगोर यह मानते थे कि- अगर भारत को जानना चाहते हैं तो विवेकानंद के कार्यों को पढ़ना और समझना चाहिए। महान स्वाधीनता संग्राम सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्वामी जी के व्यक्तित्व और उनकी शिक्षाओं से गहरे रूप से प्रभावित थे तथा स्वामी विवेकानंद को अपना आध्यात्मिक गुरु मानते थे। उस दौर के अधिकांश उत्साहित युवा स्वामी जी के व्यक्तित्व से अनुप्राणित होते थे। उनका शारीरिक सौष्ठव खिलाड़ियों और कुशल धावकों की तरह गठीला, सुडौल और पुष्ट था फिर भी उन्होंने अपनी योग साधना से ब्रह्मज्ञानियों की भांति परम सत से साक्षात्कार किया था और रहस्यानुभूति प्राप्त की थी। आध्यात्मिक प्रतिभा से सम्पन्न स्वामी विवेकानंद विज्ञान के मौलिक सिद्धांतो से परिचित थे। इसलिए दुःखित, दमित, दलित, शोषित और उत्पीड़ित मानव समुदाय का कष्ट दूर करने की स्वामी जी के हृदय में अत्यंत व्यग्रता थी। अद्वैत वेदांत अद्वितीय अद्भुत और प्रतिष्ठित आचार्य तथा विश्व व्यापी व्याख्याता स्वामी विवेकानन्द को सम्पूर्ण विश्व उन्हें एक कर्मयोगी के रूप में जानता है जिनकी बुद्धि प्रकाण्ड थी, जिनकी पश्चिमी और पूर्वी दुनिया की दार्शनिक समझदारी उत्कृष्ट थी, जिनकी लौकिक अलौकिक भौगोलिक भौतिक और आध्यात्मिक बोधात्मक क्षमता अद्वितीय थी और जिन्होंने प्रचंड इच्छा शक्ति को भारत के पुनरूद्धार और पुनर्जागरण में खपा दिया। भारतीय संत परम्परा के इस अनूठे भिक्षुक ने दलित, दमित, शोषित, वंचित, पददलित, पदक्रमित, बहिष्कृत, तिरष्कृत, अपमानित, उत्पीड़ित और उपेक्षित जनमानस को संजीवित करने के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। स्वामी विवेकानन्द सनातन परम्परा के ऐसे विरले संन्यासी और फकीर थे जिनके हृदय में भारत के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और नैतिक पतन और बुराइयों को देख कर गहरी और गम्भीर छटपटाहट होती थी। इसीलिए उन्होंने संन्यास के साथ -साथ निर्मल, निर्विकार और निः स्वार्थ मन मस्तिष्क से समाज सेवा करने का उपदेश दिया ।

स्वामी विवेकानन्द की बौद्धिक दृष्टि बड़ी स्वच्छ थी और वे भारतीय इतिहास में व्यक्त विविध जीवनधाराओं को देख और समझ सकते थे। उनकी बुद्धि इतनी प्रखर थी कि - उनके मन में ऋग्वेद से लेकर कालिदास, कांट और स्पेंसर तक प्रत्येक वस्तु स्पष्ट और स्वयं प्रकाशित थी। इसीलिए स्वामी विवेकानंद भारत में व्याप्त विविध सांस्कृतिक धाराओं में समन्वय स्थापित करना चाहते थे। उनका स्पष्ट विचार था कि -भारत का नैतिक ,सामाजिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण और पुनरुत्थान विविध संस्कृतियों के सह मिलन और समन्वय से ही सम्भव है। स्वामी विवेकानन्द के चिंतन में राष्ट्रवाद और देशभक्ति सर्वोपरि था। राष्ट्रवाद और देशभक्ति पर उनका विचार इस उद्घोषणा से स्पष्ट होता हैं। " अगले पचास साल के लिए आप अन्य सब व्यर्थ के देवताओं को अपने-अपने मन से निकाल दो। यही एकमात्र देवता हैं जो जाग्रत है। सर्वत्र उसी के हाथ, सर्वत्र उसी के पैर, सर्वत्र उसी के कान है, और वह हर वस्तु को आच्छादित किए हुए हैं। अन्य सब देवता सो रहे हैं। हम व्यर्थ के देवताओं का अनुगमन कर रहे हैं। किंतु उस देवता की, उस विराट की जो हमें अपने चतुर्दिक दिखाई देता है, हम उसकी पूजा नहीं करते हैं। सबसे पहले उस विराट की पूजा करनी है जो हमारे चारों तरफ है। सबसे पहले देवता जिनकी हमें आराधना करनी है वो हमारे समस्त देशवासी है। "

रामकृष्ण परमहंस के परमप्रिय अनुपम शिष्य, रामकृष्ण मिशन के संस्थापक, राम कृष्ण परमहंस के माध्यम से अक्षर ब्रह्म का साक्षात्कार करने वाले, अद्वैत वेदांत के निष्णात भाष्याकार और वैश्विक व्याख्याकार, महान कर्मयोगी, दुःखित दमित दलित शोषित पीड़ित के उद्धारक, हताश-निराश और लगभग मृतप्राय जनमानस के मन मस्तिष्क और हृदय में वीरता पराक्रम साहस निडरता निर्भीकता आत्मविश्वास आत्मबल और आत्म गौरव तथा आत्म निर्भरता का भाव भरने वाले प्रज्ञावान कुशाग्र बुद्धि तत्त्ववेत्ता , कालजयी संन्यासी, अंतर्धाम्कि समन्वय के प्रबल पक्षधर, सर्वविध , सर्वत्र अभयता का संदेश देने वाले स्वामी विवेकानंद को उनकी जयंती के अवसर पर देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

डीएम ने दिया सभी विकास खण्ड के प्रमुख मंदिरों में 22 जनवरी तक भजन कीर्तन का आदेश

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आगामी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भगवान श्रीराम जी के मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शासन के निर्देश के क्रम में 16 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक जनपद के समस्त प्रमुख राम मन्दिरों, बाल्मीकी मन्दिरों, हनुमान मन्दिरो आदि में रामकथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उपरोक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम में भजन, कीर्तन, रामायण पाठ, रामकथा के माध्यम से भगवान श्रीराम जी के नैतिक, सामाजिक एवं मानव मूल्यो की स्थापना का आर्दश प्रस्तुत कर लोगो को जानकारी दी जायेगी। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षत में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के सभी 16 विकास खण्डो, सातो तहसीलो एवं नगर

पालिका/नगर पंचायतो में मिला कर कुल लगभग 441 मन्दिरों पर स्थानीय कलाकारों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया जायेगा। जनपद के ब्लाक/तहसील स्तर पर टीम कमेटी गठित कर कार्यक्रम सकुशल भव्य रूप से अयोजन किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। श्रीराम महोत्सव के अवसर पर श्रीराम कथा, सुन्दर काण्ड भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। कार्यक्रम का समापन 22 जनवरी, 2024 को आयोध्या में नव निर्मित श्री राम मंदिर की प्राण -प्रतिष्ठा के साथ होगा। इसी क्रम में स्थानीय जिला प्रशासन द्वारा 14 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक सभी नगर निकायो द्वारा तथा पंचायती राज विभाग द्वारा जनपद में विशेष सफाई अभियान चलाकर साफ-सफाई करायेगे। इसके अतिरिक्त सभी कार्यालयों, मन्दिरो में प्रत्येक दिन वृहद सफाई अभियान चलाया जायेगा। 22 जनवरी 2024 को सभी मन्दिरो पर दीपोत्सव कार्यक्रम के अलावा समस्त कार्यालयों पर भव्य सजावट, प्रकाश व्यवस्था भी करायी जायेगी। जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा है कि सौपे गये दायित्यों का निर्वहन कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने जनपद के जनपदवासियों, जनप्रतिनिधियो एवं प्रबुद्धजनो से अपील किया है कि जनपद के प्रमुख मंदिरो पर रामकथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन कराये जाने में सहयोग करेगे तथा श्रीराम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को शान्तिपूर्ण ढ़ग से मनायी जाय। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0, मुख्य विका अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, शहरी/ग्रामीण, उपजिलाधिकारी, पर्यटन अधिकारी के साथ समस्त सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

कोई हकदार सरकारी योजनाओं के लाभ से ना छूटे : वीरेन्द्र सिंह मस्त

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शनिवार को नगर पंचायत बहादुरगंज में दिन शुक्रवार विकसित भारत संकल्प यात्रा में बलिया संसद बीरेंद्र सिंह मस्त ने कार्यक्रम को सम्बोधन करते हुए देश में योजनाओं के माध्यम से समृद्ध भारत का जो अभियान सबका साथ सबका विकास सबका सम्मान के साथ प्रधान मंत्री के नेतृत्व में चलाया गया वह आज विकसित भारत के संकल्पों को पूरा करने के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। सांसद ने कहा कि देश 2047 तक विकसित भारत कहलाये यह देश का लक्ष्य है जिसका सहयोग बनना हर भारतीय का नैतिक दयित्व कर्तव्य है। इस दौरन सांसद ने कहा समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है, विकसित भारत संकल्प यात्रा का सबसे बड़ा मकसद है कि कोई हकदार सरकारी योजनाओं के लाभ से छूटना नहीं चाहिए। सांसद द्वारा नगर पंचायत में 60 लाख की विकास परियोजना का लोकर्पण किया गया और 174 लाख विकास परियोजनाओं का शिलान्यास सीवेज और जलनिकासी की परियोजनाओ का शिलान्यास किया गया। आंगनवाड़ी कार्यकतीयो द्वारा गर्भावती महिलाओं की गोदभराई और दूधमुहो का अन्नप्राशन संस्कार करवाया गया। इसके बाद सरकार की योजनाओं का लाभार्थिओ को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस मौके पर नगर प्रसासन से उप जिला अधिकारी राजेश प्रसाद चौरसिया, ईत्ओ सुरेंद्र प्रताप सिंह , कंचन गिरी, रमायन गुप्ता, हरिशंकर राय, बंसी राम, जेहरूनिशा, धर्मेंद्र नाथ राय शामिल रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मयंक राय एवं संचालन अरविंद प्रजापति ने किया ।

विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष मिजार्पुर द्वारा अधिकारियों पर गबन के आरोप से मचा हड़कंप

प्रखर मिजार्पुर। विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष विनोद सिंह के द्वारा प्रेस वार्ता कर पत्रकारों को मौके पर ले जाकर स्थलीय निरीक्षण कराते हुए सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा की लोक निर्माण विभाग मिजार्पुर के द्वारा बिना सड़क बनवाए भुगतान कर दिया गया। विश्व हिंदू परिषद प्रांत सरसंग प्रमुख महेश तिवारी ने कहा कि संपूर्ण घटनाक्रम की जांच होनी चाहिए और दोषी अधिकारियों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ना चाहिए सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य सरकार ग्रामीण की सुविधा के लिए करती है उसमें भी विभाग के द्वारा अनियमितता करते हुए ग्रामीणों के सुख सुविधाओं के साथ न सिर्फ छेड़छाड़ किया गया है बल्कि सरकार की भी छवि को धूमिल करने का कार्य लोक निर्माण विभाग के कुछ अधिकारियों के द्वारा किया गया है। अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लो०नि०वि० मीरजापुर सुनिल दत्त व सम्बन्धित अधिकारीयों द्वारा बिना कार्य कराये दो मार्गो को जिसमे चिन्दलिख से टेढ़वा सम्पर्क मार्ग व मल्लेपुर यादव बस्ती सम्पर्क मार्ग पर बिना कार्य कराये एक वर्ष पूर्व फर्जी भुगतान करके लगभग 1921518.00 (उन्नीस लाख एक्कीस हजार पाच सौ अठारह रुपए) का सरकारी धन गबन करने का आरोप लगाया गया है। विश्व हिंदू महासंघ विंध्याचल मंडल प्रभारी विशाल मालवीय ने भी लोक निर्माण विभाग के ऊपर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मीरजापुर जिले के कोन ब्लाक अन्तर्गत मार्ग चिन्दलिख से टेड़वा सम्पर्क मार्ग पर बिना कार्य कराये फर्जी जरीके से धनराशि 724286.00 (सात लाख चौबिस हजार दौ से छियासी रुपए) व मार्ग एक अन्य मल्लेपुर यादव बस्ती सम्पर्क मार्ग पर बिना कार्य कराये फर्जी तरीके से भुगतान कि गयी । कुल धनराशि लगभग 1197282.00 (ग्यारह लाख सत्तानबे हजार दौ सौ बयासी रुपए) है, जिसका की विभाग द्वारा लगभग एक वर्ष पूर्व बिना कार्य कराये फर्जी तरीके से भुगतान करके सरकारी धन का बन्टरबाट व गबन करते हुए व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया है। जब कि आज दिनांक तक मार्ग पर कोई कार्य नही हुआ है। जिसके साक्ष्य के रूप में जी.पी.एस. कैमरे से लिये गये फोटो लोकेशन के साथ व स्थानीय लोगो की विडियों रिकार्डिंग, ग्राम प्रधान के हस्ताक्षरित प्रमाण पत्र (जिसमें दशार्या गया है कि मार्ग पर कोई निर्माण कार्य नही हुआ है।) व प्रान्तीय खण्ड विभाग से जारी जी.एस.टी. भुगतान बिल जिस पर संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर की प्रमाणित लखनऊ भी भेजा जा चुका है। उपरोक्त संपूर्ण प्रकरण पर विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर पूछे जाने पर सोमवार को बताए जाने की बात कही गई है बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि मल्लेपुर यादव बस्ती संपर्क मार्ग के मामले में डूब क्षेत्र में संपर्क मार्ग होने का भी हवाला दिया है।

कड़ाके की ठंड में भी बानर सेना संग अयोध्या धाम का अक्षत बांटे कार्यकर्ता

प्रखर थानागद्दी जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवरामपुर खुर्द की संघ की टोली के सदस्यो ने बानर सेना के कार्यकताओं के साथ प्रत्येक घरों में अयोध्या धाम का पूजित अक्षत और श्रीराम मंदिर का चित्र बांटकर लोगों को प्राण प्रतिष्ठा के दिन का आमंत्रण दिया। आज शनिवार को अखिल भारतीय बानर सेना के राष्ट्रीय सचिव आशीष सिंह बादल के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के गृह संपर्क अभियान के तहत आज शिवरामपुर खुर्द गोपीपुर और डिघिया में राम नाम की अलख जगाते हुए अयोध्या धाम का पूजित अक्षत राममंदिर चित्र और पत्रक देकर निमंत्रित किया। लोगों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन दोपहर में गांव के मंदिर पर भजन कीर्तन सुंदर काण्ड हनुमान चालीसा का पाठ करे। महप्रसाद या सहभोज में भाग ले। सायंकाल गांव के मंदिर तथा अपने घर को दीपो से सजाकर दीपावली जैसा त्योहार मनाए। मुख्य रूप से रणजीत सिंह मनोज सिंह, भोलू, भोथू ,मनीष सक्रिय रहे।

श्री श्री 1008 बाबा मन फकीरे को समाधि स्थल का हुआ वार्षिक श्रृंगार

प्रखर वाराणसी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सा परिसर में स्थित श्री श्री 1008 मन फकीरे बाबा समाधि स्थल का प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 13 जनवरी को वार्षिक श्रृंगार उत्सव बड़े ही भव्य तरीके से मनाया जाता है यहां के बारे में लोगों की मान्यता है कि जब तक यहां बाबा का सिंगार और भी पूजा पाठ नहीं होती तब तक लोगों के कार्यशक्ल और सफल नहीं होते हैं लोगों की ऐसी मान्यता भी है कि यहां पर जो भी सच्चे मन से अपने मन की मुरादे मानता है वह अवश्य ही पूरी होती है और बाबा सभी मनोकामनाएं पुण करते हैं । इसी मनोकामना के साथ लोगों में एक अटूट विश्वास बना हुआ है। वार्षिक श्रृंगार में मुख्य रूप से मौजूद रहे अशोक यादव, दयाशंकर, छोटेलाल, सी,एम,एस दिग्विजय सिंह, महेंद्र, ओमप्रकाश सिंह एवं समस्त पंडित दीनदयाल विभाग परिवार परिवार वार्षिक श्रृंगार में सम्मिलित रहें।

गलन से ठिठुर रहा बहादुरगंज, नींद में नगर प्रशासन कही भी नहीं अलाव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। नगर पंचायत बहादुरगंज में नगर प्रशासन द्वारा कहीं अलाव की व्यवस्था नहीं दिखाई दे रही मकर संक्रांति की वजह से प्रदेश सहित पूरा जिला घने कोहरे की चपेट में है। सर्दी की बेदर्दी और आसमान से बरस रहे कोहरे से हर कोई सर्दी की दुहायी देते हुए नजर आ रहा है। बाजार में लोग ठंड के मारे कापते और ठिठुरते दिखाई दे रहे हैं। बस स्टैंड बहादुरगंज यूनियन बैंक, सदर बाजार, पुलिस चौकी, डाकिन गंज, राजभर बस्ती, दलित बस्ती और जमा मस्जिद तकिया पर कहीं अलाव की व्यवस्था नगर प्रशासन द्वारा नहीं दिखाई पड़ा। लोग अपने घरों पर टायर और कागज के गट्टे जला रहे हैं।

आईजा संगठन नहीं बल्कि एक परिवार है : जिलाध्यक्ष

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। ऑल इंडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन की जिला इकाई बैठक शनिवार को पहाड़ी गेट स्थित कीर्तिका पैलेस में आयोजित हुई। जिसमें संगठन के सदस्यों ने कई विषयों पर सुझाव को साझा किया। जहाँ सभी सदस्यों की बातों को सुनने के बाद जिला इकाई ने उनका समर्थन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा की यह संगठन नहीं बल्कि एक परिवार है। जब भी परिवार के किसी भी सदस्यों को समस्याएं होती है तो उसे दूर करने का काम किया जाता है। बताया कि हम कुछ नहीं सब कुछ आप से ही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने किया। जहाँ कार्यक्रम का संचालन जिला समवय प्रणय सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन मण्डल अध्यक्ष प्रेमन मौर्या ने दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अमित कुमार सिंह,कृष्ण कुमार गुप्ता,सूर्यबली सिंह,रवि पाण्डेय,अरविंद सिंह,सुमित चौहान,विनोद गुप्ता,अश्वनी गुप्ता, अनन्त यादव,राजेश वर्मा,श्रवण भारद्वाज,सचिन्द्र श्रीवास्तव, दीपक पटेल,ओमकारनाथ, प्रवीण सिंह,अरुण कुमार,गोपाल मिश्रा,कन्हैया गुप्ता,कमलेश गुप्ता,राहुल सिंह,अवनीश सिंह,आलोक सिंह,चंद्रशेखर सिंह समेत अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे।

पूर्व चेयरमैन के नेतृत्व में श्री राम मंदिर पूजित अक्षत शोभायात्रा निकाली, श्री राममय हुआ मगहर, शोभा यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

प्रखर संतकबीरनगर। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्दे नजर मगहर नगर पंचायत में पूर्व अध्यक्ष अश्वनी गुप्ता के नेतृत्व में श्री राम मंदिर पूजित अक्षत शोभा यात्रा निकाली गई जिसमे मगहर नगर पंचायत के सभी बच्चे बूढ़े , महिलाओ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया ढोल बाजे और जय श्री राम के नारे से गूंज मगहर नगर पंचायत लोगों के अंदर उत्साह देखते ही बन रहा था । मगहर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन ने बताया कि प्रभु श्रीराम के 14 वर्ष का बनवास पूरा कर जब अयोध्या लौटे थे, तब अयोध्या के नगरवासियों ने दीपावली मनाकर उनकी वापसी पर खुशी दिखाई थी। वैसे ही 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में शहर में हम दीपावली मनाएंगे। संपर्क अभियान में लोगों से अपील करेंगे कि 22 जनवरी की शाम वह घरों के बाहर दीपक जलाएं। श्री राम पूजित अक्षत शोभा यात्रा की शुरूआत मगहर नगर पंचायत के गाजीपुर चौराहे से शुरू होकर जमा मस्जिद ,आजाद नगर, दुर्गा मंदिर सवधीर बाबा मंदिर, मछली मंडी होते हुए गाजीपुर चौराहे पर आकर इसका समापन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष नगर नगर पंचायत अश्वनी गुप्ता, रंजीत कनौजिया, सुजीत गुप्ता, प्रदीप कुमार गुप्ता, सतीश पासवान, अष्टभुजा यादव, शैलेश श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, चंदन सैनी, ओम प्रकाश निर्भीक, दिग्विजय नाथ, जिला प्रचारक संजीव जैन, सुनील गुप्ता श्रीमती नीरज गुप्ता, राबड़ी देवी आदिलोक उपस्थित रहे।

भैंस चोरी जैसे मामूली मामले की वजह से थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

प्रखर आजमगढ़। एसपी अनुराग आर्य ने थानाध्यक्ष कंधरापुर ब्रह्मदीन पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया है। भैंस चोरी के एक मामले में लापरवाही बरतने व कार्यों के प्रति उदासीनता दिखाने पर यह कार्रवाई की गई है। एसपी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एक जनवरी 2024 को यूपी 112 पर एक व्यक्ति ने भैंस चोरी की सूचना दिया। जिस पर पीआरवी मौके पर पहुंची और थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय को घटना से अवगत कराया। इसके बाद भी थानाध्यक्ष द्वारा भैंस चोरी के इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। इतना ही नहीं थानास्तर पर कोई अभियोग भी पंजीकृत नहीं किया गया। इसकी जानकारी एसपी को हुई तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और कार्यों में लापरवाही बरतने व कार्यों के प्रति उदासीनता को देखते हुए थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया। उनके स्थान पर जहानागंज थाने पर तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक विरेंद्र कुमार सिंह को कंधरापुर थाने का प्रभारी नियुक्त किया।

रेन्यू कंपनी के सहयोग से रामनगर में किया गया कंबल का वितरण

प्रखर रामनगर वाराणसी। बघेली टोला स्थित प्राइमरी स्वास्थ्य केंद्र के पास आज 500 कंबल का वितरण विधायक सौरभ श्रीवास्तव के हाथों से कियागया।इस दौरान काफी संख्या में जरूरतमंद लोग उपस्थित थे। वाराणसी कैंट के विधायक ने बताया कि नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से जनता ने जो आशीर्वाद पार्टी के ऊपर बनाया है ऐसी जनता की हर हाल में सेवा की जाएगी इस दौरान रेनी कंपनी की चेयरपर्सन वैशाली निगम सिंह ने कहा कि हाल के वर्षों में जलवायु संकट के कारण शीतलहर की तीव्रता बड़ी है मौसम में होने वाले उतार चढ़ाव के कारण लाखों लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ,रिन्यू में हम हमेशा समुदायों को लौटाने में यकीन करते आए हैं और कड़कड़ाती ठंड में वंचित लोगों के साथ खड़े होने की दिशा में हमारा एक छोटा कदम है, वैशाली निगम सिंह जी ने कहा कि अब तक हमने पूरे वाराणसी में 5500 सालों का वितरण किया है आगे भी ऐसी ही योजना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सौरभ श्रीवास्तव के अलावा श्री संतोष द्विवेदी ,नंदलाल चौहान ,सृजन श्रीवास्तव, आभा पांडे ,संदीप , कुलदीप सिंह, मोनिका यादव ,ललन सोनकर , रितेश पाल, मनोज यादव जी, श्वेत सिंह, कुलदीप सेठ ,जय चौहान, ऋषभ सिंह गोविंद मौर्य आनंद यादव अश्विनी श्रीवास्तव अनुराग बच्चा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

युवा पर्यटन क्लब के छात्रों ने किया बखिरा पक्षी विहार का शैक्षणिक भ्रमण

एडीएम ने युवा पर्यटन क्लब के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण हेतु झण्डी दिखा कर किया रवाना

प्रखर संतकबीरनगर। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज युवा पर्यटन क्लब के 20 छात्रों/शिक्षक/शिक्षकाओं को बखिरा पक्षी विहार का एक दिवसीय निःशुल्क शैक्षणिक भ्रमण हेतु रवाना किया गया। जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर एवं पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता युवा पर्यटन क्लब के छात्रों/सदस्यों से मिलने बखिरा पक्षी बिहार पहुचें अधिकारीद्वय द्वारा पर्यटन विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे युवाओं में राष्ट्र के प्रति लगाव की भावना प्रगाढ़ होगी और पर्यटन से हमारी अर्थव्यवस्था पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। भ्रमण के दौरान सभी पर्यटन मित्र उत्साहित दिखे, यहां पर विदेशी पक्षियों का कलरव और सुंदर नजारा देखकर छात्रों में खुशी का ठिकाना नहीं रहा। जिलाधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। यहां पर्यटन स्थलों के साथ-साथ पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि पर्यटकों को न केवल आवश्यक सभी सुविधाएं मिलें बल्कि एक विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें।

इससे वे दूसरे लोगों को यहां के स्थलों और सुविधाओं से अवगत कराएंगे तो पर्यटन का विकास होगा। इस दौरान भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून से वैज्ञानिक सौरभ, शोधकर्ता अभिमन्यु सिंह एवं पक्षी विशेषज्ञ आशिका तलरेजा ने सभी पर्यटन मित्रों को वाइल्डलाइफ और मरीन लाइफ के बारे में बताते हुए क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में जानकारी दी। नेशनल ब्यूरो ऑफ फिश जेनेटिक रिसोर्स के डॉ कंधराजन ने भी छात्राओं को मछलियों के प्रकार एवं जल जीवन के विषय में जानकारी दी। विद्यालय की सहायक शिक्षिका सिम्मी साहू ने बताया कि सामान्यतः हम अपने आस-पास कुछ ही पक्षियों को देख पाते हैं, किन्तु यहां आकर हमें कई प्रवासी एवं अप्रवासी पंक्षियों को देखने एवं उनके बारे में जानने का मौका मिला। यहां आकर हमारा प्रकृति प्रेम और गहरा हुआ है। शिक्षिका पूजा मिश्रा ने कहा कि बच्चों ने खूब अच्छे से यहां के वातावरण का आनंद लिया एवं बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी सुनिश्चित की, इससे उनमें नेतृत्त्व की क्षमता विकसित होगी एवं वे पर्यटन के क्षेत्र में अपनी रुचि को विकसित कर पाएंगे साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के कार्य में उत्प्रेरक बन सकेंगे।

11वीं की छात्रा अन्तिमा ने बताया कि हमें यहां आकर बहुत अच्छा लगा, बच्चों को इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण पर जरुर ले जाना चाहिए। छात्रा इरम फातिमा ने कहा कि यहां का दृश्य, वातावरण बहुत ही सुंदर है, हम सभी को शहर में मॉल घुमने की जगह ऐसे स्थान पर जाना चाहिए जहां हमें कुछ सीखने को मिले। 9वीं की छात्रा मुस्कान ने कहा कि मैं खुश हूं कि मुझे युवा पर्यटन क्लब का हिस्सा बनने का मौका मिला, आज इस यात्रा से मैंने बहुत कुछ सीखा है और दूरबीन के माध्यम से कई रंग के पंक्षियों को भी देखा। फारेस्ट रेंजर प्रीति पाण्डेय ने बताया कि बखिरा पक्षी विहार जिले की पहचान है, इसे मोती झील के नाम से भी जाना जाता है। जहां ठंड के मौसम में 100 से अधिक प्रवासी पक्षियों का बसेरा होता है। खास बात यह है कि इन प्रवासी पक्षियों में अधिकांश शाकाहारी है। दूर-दराज से सैलानी बखिरा में प्रवासी पक्षियों को देखने आते हैं। पर्यटन अधिकारी विकास नारायण ने बताया कि जिले के कई विद्यालयों में युवा पर्यटन क्लब का गठन किया गया है। क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए क्लब के सदस्यों के साथ समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया जायेगा।

संक्षिप्त खबरें

सदर तहसील में ईवीएम प्रदर्शन केंद्र पर मतदान कर अपने शंकाओ को मतदाता कर रहे दूर

प्रखर गोरखपुर। ईवीएम मशीन को लेकर लोगों के बीच चल रहे भ्रम को दूर करने के लिए शासन के निर्देश पर ईवीएम प्रदर्शन केंद्र गोरखपुर के सदर तहसील में ईवीएम मशीन लगाकर लोगों को मतदान कराकर वीवीपेट मशीन से निकलने वाली पर्ची को दिखा कर मशीन की सच्चाई से रूबरू कराया गया। प्रत्येक दिन सदर तहसील में मतदान कर वीवीपेट मशीन को परखा जा रहा है। यह प्रदर्शन आने वाले मतदाता दिवस तक जारी रहेगा। ईवीएम मशीन की गुणवत्ता व वीवीपेट मशीन से निकलने वाली पर्ची की सत्यता को परखने के लिए तहसील सदर में लगाए गए ईवीएम मशीन पर आज शनिवार को 156 लोगो ने ईवीएम मशीन के बटन पर बने प्रतीक चिन्हों का बटन दबाकर अपना मतदान किया। मशीन के साथ लगे वीवीपेट मशीन पर डाले गए मत चिन्ह की पर्ची को देखा मशीन पर डाले गए प्रतीक चिन्ह को वीवीपेट मशीन में निकलते देख कर लोगों ने मौजूद रजिस्टर में अपना अभिमत दर्ज किया। ईवीएम मशीन पर तैनात लेखपाल ने बताया कि सुबह से शाम तक लोगों ने मतदान कर वीवीपेट मशीन से निकलने वाली पर्ची को देखा और रजिस्टर में मशीन को सही बताया।

लिटरेरी फेस्ट में सहयोग देने हेतु अनुपम सहाय ने डॉ सुनील कुमार मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया

प्रखर सहजनवां, गोरखपुर। शहर में आयोजित लिटरेरी फेस्ट में आईजीएल कम्पनी के द्वारा दिए गए सहयोग हेतु संस्था के निदेशक अनुपम सहाय ने कंपनी में जाकर वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।और सहयोग देने हेतु आभार जताया।डॉ सुनील कुमार मिश्रा ने बताया कि कंपनी द्वारा बहुत सारे सामाजिक कार्य समय समय पर कराए जाते है और अभी वर्तमान में कंपनी द्वारा गोरखपुर महोत्सव में भी तीन लाख रुपए का सहयोग किया गया।

आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत क्षेत्राधिकार खजनी ने किया बूथ केन्द्रों का निरीक्षण

प्रखर खजनी, गोरखपुर। आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत पुलिस क्षेत्राधिकार खजनी ओमकार दत्त तिवारी ने 13 जनवरी दिन शनिवार को हरपुर-बुदहट थाना क्षेत्र के कई बुथ केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकार ने हरपुर बुदहट स्थित घोठवा इंटर कॉलेज,कटसहरा मदरसा पर पहुंच चुनाव के पुलिस फोर्स के ठहरने सम्बन्धित स्थिति का जायजा लिया तथा जरूरी हिदायत भी दी। इस दौरान हरपुर-बुदहट थाना प्रभारी विशाल उपाध्याय,आरक्षी गोरखनाथ यादव,सुधाकर सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

स्वतंत्र मीडिया क्लब चुनार कार्यकारणी इकाई का किया गया गठन

प्रखर मीरजापुर। शनिवार को दोपहर चुनार तहसील अंतर्गत जमुई में स्वतंत्र मीडिया क्लब द्वारा सत्यपाल सिंह जी के आवास पर चुनार इकाई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें चुनार तहसील के तहसील अध्यक्ष महेंद्र निषाद जी को और तहसील प्रभारी आनंद यादव जी, तहसील मीडिया प्रभारी सत्यपाल सिंह जी एवं वरिष्ठ तहसील उपाध्यक्ष डॉ मुमताज अहमद जी तथा तहसील संगठन मंत्री अंकित सिंह जी को माला पहनाकर तालियों की गड़गड़ाहट में सर्वसम्मत से घोषित किया गया। इस दौरान स्वतंत्र मीडिया क्लब के संस्थापक जनाब साजिद अंसारी जी, राष्ट्रीय संयोजक श्री रामलाल साहनी जी,जिला अध्यक्ष श्री रोहित गुरु त्रिपाठी जी,मंडल सचिव जनाब गुफरान अहमद जी, जिला संरक्षक श्री रविंद्र जायसवाल जी,जनाब सद्दाम अंसारी जी,श्री विजय कुमार जी, जनाब मुहम्मद वसी जी, श्री छोटेलाल तिवारी जी, श्री देव प्रकाश नारायण पाठक जी,जनाब शाहिद आलम जी,श्री हर्ष गुप्ता जी, श्री राहुल गुप्ता जी,सरिता सिंह जी,शबनम बानो जी आदि लोग उपस्थित रहें।

मकर संक्रांति एवं लोहड़ी पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

प्रखर रामनगर वाराणसी। बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल, डोमरी, पड़ाव, वाराणसी में मकर संक्रांति एवं लोहड़ी पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थी एवं अध्यापक अध्यापिकाओं ने इस अवसर पर आग जलाकर नृत्य संगीत के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। तदोपरांत सभी लोगों में तीन का लड्डू, तिलकुट, पट्टी इत्यादि वितरित किया गया। कार्यक्रम में उप प्रबंधक श्री मुकुल पांडेय, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीता त्रिपाठी, सोनिया मिश्रा, चंद्रदीप सिंह, राजू कुमार, पीयूष दुबे, नीलम गुप्ता, किरन शर्मा, संतोष तिवारी, दीपक मिश्रा, हरेंद्र पांडेय, अनीता पांडेय, श्वेता पांडेय, अनूप विश्वकर्मा, अनिकेत सिंह, मोहन लाल यादव, रितु दुबे, विनीत मिश्रा, महिमा पाठक, संध्या कन्नौजिया, अंतरा सरकार, चंदन कुमार, सुनीता मिश्रा, सोनम जायसवाल, मुद्रिका मिश्रा, सोनम श्रीवास्तव सहित विद्यालय के सभी वरिष्ठ वर्ग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

संक्षिप्त खबरें

मंगोलिया में भारी हिमपात चार लोगों की मौत

उलानबटोर। पूर्वी मंगोलिया में भारी हिमपात के कारण कार में फंसने की वजह से दो बच्चों समेत चार लोगों की मौत हो गई। देश की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार सुखबतार प्रांत के दरिंगंगा सूम से ग्रामीण इलाके स्थित अपने घर वापस जाते समय परिवार के चार सदस्य समेत कारबर्फ में फंस गए। सभी के शव कार में पाए गए। देश की मौसम निगरानी एजेंसी के अनुसार, मंगोलिया के लगभग सभी प्रांत इस साल बहुत खराब मौसम की स्थिति का सामना कर रहे हैं। मंगोलियाई क्षेत्र का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा अब तक बर्फ से ढका हुआ है।

बाइडन ने कर अपराध आरोपों में खुद को निर्दोष बताया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने लॉस एंजिल्स की एक अदालत में कर अपराध के नौ आरोपों में खुद को निर्दोष बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक बाइडन ने डिस्ट्रिक्ट जज मार्क स्कार्सी के समक्ष सुनवाई के दौरान खुद को निर्दोष बताया। अभियोजकों ने दिसंबर में बाइडन पर संघीय करों का भुगतान करने के बजाय कथित तौर पर असाधारण जीवनशैली पर पैसा खर्च करने का आरोप लगाया। उनका यह भी कहना है कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने चार वर्षों के दौरान संघीय करों में कम से कम 10.4 लाख अमेरिकी डॉलर का भुगतान की अनदेखी की।

हसीना कैबिनेट ने बंगबंधु को दी श्रद्धांजलि

ढाका। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों ने शुक्रवार को राष्ट्रपिता बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान को श्रद्धांजलि दी। सुश्री हसीना ने अपने मंत्रिमंडल सहयोगियों के साथ सुबह 10 बजे धनमंडी-32 में बंगबंधु के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके बाद उन्होंने सावर राष्ट्रीय स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। गौरतलब है कि सुश्री हसीना और कैबिनेट में शामिल 37 मंत्रियों ने गुरुवार की शाम शपथग्रहण किया है।

सीरिया में अमेरिकी अड्डे पर दागी गई मिसाइलें

दमिश्क। पूर्वोत्तर सीरिया के हसाकाह प्रांत के अल-शद्दादी शहर में स्थित अमेरिकी अड्डे पर चार मिसाइलें दागी गई हैं। स्थानीय सूत्रों ने बताया, अल-शद्दादी अड्डे पर चार मिसाइलें दागे जाने के बाद विस्फोट की आवाजें सुनी गईं। गौरतलब है कि हमास और इस्राइल के बीच संघर्ष बढ़ने के बाद से इराक में अंतरराष्ट्रीय गठबंधन का नेतृत्व करने वाले अमेरिका के ठिकानों, साथ ही सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर नियमित रूप से हमले किए गए हैं।

पाकिस्तानी मूल की फौजिया बनीं न्यूजर्सी की नई मेयर

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी मूल की अमेरिकी महिला फौजिया जंजुआ को न्यू जर्सी का मेयर चुना गया है। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के चकवाल की मूल निवासी सुश्री फौजिया न्यू जर्सी से टाउन मेयर चुनी जाने वाली पाकिस्तानी मूल की पहली मुस्लिम महिला हैं। फौजिया जंजुआ ने टाउनशिप हॉल में अपने पति और बच्चों के साथ पवित्र कुरान पर हाथ रखकर अपनी नई जिम्मेदारी की शपथ ली। इस अवसर पर सुश्री फौजिया ने अपने निर्वाचन को गौरव का क्षण बताते हुए कहा, मैंने सामुदायिक सेवा का विकल्प चुना है तथा गरीब बच्चों एवं कैदियों को शिक्षा प्रदान कर रही हूं। सुश्री फौजिया के निर्वाचन के साथ न्यू जर्सी में मेयर का पद 36 वर्षों में पहली बार डेमोक्रेट के पास गया है।

यूक्रेन के दौरे पर कीव पहुंचे सुनक

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री करेंगे नए सहायता पैकेज की घोषणा

कीव(एपी)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक यूक्रेन के लिए सैन्य कोष में वृद्धि सहित नए सहायता पैकेज की घोषणा करने के लिए शुक्रवार को कीव के दौरे पर हैं। उनके कार्यालय ने यह जानकारी दी। उम्मीद है कि सुनक अगले वित्त वर्ष के लिए यूक्रेन के लिए सैन्य कोष को बढ़ाकर 2.5 अरब पाउंड (3.2 अरब डॉलर) करने की घोषणा करेंगे। सुनक ने कहा, मैं यहां एक संदेश के साथ आया हूं। ब्रिटेन लड़खड़ाएगा नहीं। हम यूक्रेन के साथ, उसके सबसे बुरे समय में और आने वाले बेहतर समय में खड़े रहेंगे। प्रधानमंत्री बनने के तुरंत बाद सुनक ने पहली बार नवंबर 2022 में यूक्रेन की यात्रा की थी। ब्रिटेन यूक्रेन के सबसे मुखर समर्थकों में शामिल है।

रेलवे में यात्री किराया सबसे कम : वैष्णव

जयपुर।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे में यात्री किराया दुनिया में किसी भी सार्वजनिक परिवहन से कम है। रेलवे आज भी अपनी यात्रियों को कम किराए पर निरंतर यात्रा की अच्छी सुविधा दे रहा है। रेलवे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृष्टि के अनुरूप ही विकास की नई राह तय कर रहा है। भारतीय रेलवे स्टेशनों का विकास नई ऊंचाइयों और लंबे समय तक हमारी जरूरतों को पूरा करेगा। भविष्य में लोग जयपुर में केवल हवा महल देखने नहीं आएंगे बल्कि जयपुर का अत्याधुनिक स्टेशन भी देखने आएंगे। राजस्थान में केवल जयपुर स्टेशन का ही नहीं बल्कि 84 स्टेशनों का पुर्नविकास किया जा रहा है।

रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज जयपुर स्टेशन, सांगानेर स्टेशन का निरीक्षण किया और कई अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया। रेलमंत्री ने आज अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सांगानेर स्टेशन को शामिल किया। इसका पुनर्विकास किया जाना है। सांगानेर स्टेशन पर उन्होंने पुनर्विकास परियोजना की आधारशिला रखी।

पुनर्विकसित स्टेशन से विकास की नई ऊंचाइयां तय होंगी

रेलमंत्री ने पुनर्विकास परियोजना के तहत निर्माणाधीन जयपुर रेलवे स्टेशन का मुआयना किया

सांगानेर स्टेशन अमृत भारत योजना में शामिल

जयपुर में रिंग रेलवे बनाये जाने का आह्वान, भविष्य की जरूरतें पूरी होगी

उन्होंने कहा कि राजस्थान के लिए 2014 से पहले रेलवे के विकास के लिए मात्र 682 करोड़ रुपए दिए जाते थे। आज मोदी सरकार में राजस्थान को 9,532 करोड़ रुपए मिला है। इसका रिजल्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने ने कहा कि कल मैंने मुख्यमंत्री भजनलाल से मिलकर रेलवे के विकास की बात की। अब यहां डबल इंजन की सरकार आई है तो एकदम डबल गति से काम चालू करना है तो उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि मुख्य सचिव हर महीने एक मीटिंग रेलवे के अधिकारियों के साथ लेंगे। जो भी दिक्कतें आएंगी उन्हें दूर किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आधुनिकीकरण के लिए एक-एक रेल डिवीजन में कई सारे स्टेशन को एकदम कायाकल्प किया जा रहा है। यह सब संभव हो पा रहा है केवल प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी के कारण। उन्होंने कहा कि आज सुबह यहां गोविंद देव जी के दर्शन करने गया था। एक अद्भुत विचार आया कि जयपुर आज 40 लाख आबादी का शहर है। जयपुर आज इतना बड़ा शहर है, हेरिटेज है और टूरिस्ट आता है। यहां इंडस्ट्री है, यहां सर्विसेज सेक्टर है। जयपुर के विकास के लिए एक नया कॉन्सेप्ट होना चाहिए। वह नए कांसेप्ट क्या हो सकता है। यहां एक रिंग रेल बनायी जा सकती है जो कि जयपुर को अगले 30-40 वर्षों तक डेवलपमेंट के ग्रोथ को एक नया आयाम देगी। मै केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि मोदी की गारंटी है कि रेलवे हो, एयरलाइन हो, हाईवे हो सब वर्ल्ड क्लास बनेंगे।

म्यांमार : सेना और जातीय समूहों के बीच संघर्षविराम पर सहमति

बीजिंग (एपी)। म्यांमार पूर्वोत्तर में सेना और वहां के जातीय अल्पसंख्यक गुरिल्ला समूहों के गठबंधन के बीच जारी लड़ाई को रोकने के लिए तत्काल संघर्षविराम समझौते पर सहमति बन गई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। म्यांमार की सैन्य सरकार ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की है।

चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने कहा कि म्यांमार की सीमा से लगभग 400 किलोमीटर दूर चीन की एक प्रांतीय राजधानी कुनमिंग में बुधवार और बृहस्वपतिवार को चीन की मध्यस्थता में हुई बातचीत में यह समझौता हुआ। उन्होंने कहा, 'चीन को उम्मीद है कि म्यांमार में संबंधित पक्ष ईमानदारी से समझौते को लागू करेंगे, एक-दूसरे के प्रति अधिकतम संयम बरतेंगे और बातचीत तथा परामर्श के माध्यम से मुद्दों को हल करेंगे।'

म्यांमार की सत्तारूढ़ सैन्य परिषद के प्रवक्ता मेजर जनरल ज़ॉ मिन तुन ने कहा कि दोनों पक्षों ने कुनमिंग में बैठक की और बातचीत के बाद अस्थाई संघर्षविराम समझौते पर सहमत हुए। चीनी प्रवक्ता माओ ने कहा कि सेना और थ्री ब्रदरहुड एलायंस - म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी, तांग नेशनल लिबरेशन आर्मी तथा अराकान आर्मी, तत्काल संघर्षविराम और अपने-अपने लड़ाकों एवं ढांचों को बातचीत के माध्यम से हटाने पर सहमत हुए हैं।

अमेरिका के नेतृत्व में हूती ठिकानों पर हवाई हमले

दुबई (एपी)। लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर यमन के हूती विद्रोहियों के हमलों के जवाब में अमेरिका के नेतृत्व में हूती के ठिकानों पर हवाई हमले किए गए। इसके साथ ही एक बार फिर पूरी दुनिया का ध्यान यमन में वर्षों से जारी युद्ध की ओर गया है, जबकि गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ इस्राइल के युद्ध से पश्चिम एशिया में पहले ही तनाव पहले बढ़ा हुआ है। हूती विद्रोहियों की ओर से कहा गया कि इन हमलों में पांच लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। इस हमले से हमास पर इस्राइल के युद्ध को लेकर क्षेत्रीय संघर्ष भड़कने का भी खतरा है, जिसे अमेरिका के बाइडन प्रशासन और उसके सहयोगी कई हफ्तों से शांत करने की कोशिश कर रहे हैं। बीजिंग में चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने देशों से लाल सागर में तनाव नहीं बढ़ाने का आह्वान किया और सभी देशों और पक्षों से संयम बरतने को कहा।

ईरान समर्थित विद्रोहियों के कब्जे वाले कई ठिकानों पर बमबारी के बीच, सऊदी अरब ने स्वयं को इन हमलों से दूर करने की कोशिश की क्योंकि वह ईरान के साथ सौहार्द बनाए रखना चाहता है और यमन युद्ध में संघर्ष विराम चाहता है। साथ ही सऊदी अरब इस युद्ध से अंततः हटना चाहता है। इस बीच, अमेरिकी नौसेना ने कुछ दिन पहले हिंद महासागर के सुदूर इलाके में एक जहाज पर हमले की बात स्वीकार की थी। यह एक ऐसा हमला था जो ईरान की इस्राइल-हमास संघर्ष को लेकर व्यापक समुद्री अभियान के तहत जहाजों पर हमला करने की इच्छा का संकेत दे सकता है। तेहरान ने बृहस्पतिवार को एक और टैंकर को जब्त कर लिया जो इस्लामिक गणराज्य के परमाणु कार्यक्रम पर अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के कारण अमेरिका द्वारा तेल को जब्त करने से संबंधित एक संकट में पहले से शामिल था। यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिकी हमलों से कितना नुकसान हुआ है, हालांकि हूती विद्रोहियों की ओर से कहा गया है कि एयरफील्ड सहित कम से कम पांच स्थलों पर हमला किया गया है। ब्रिटेन के अनुसार हमलों के जरिए बानी में उस स्थल को निशाना बनाया जिसका इस्तेमाल कथित तौर पर हूती ड्रोन उड़ाने के लिए कर रहे थे। एब्स में उस एयरफील्ड को भी निशाना बनाया जिसका इस्तेमाल क्रूज मिसाइल दागने और ड्रोन उड़ाने के लिए किया गया था।

हूती विद्रोहियों ने कहा हमलों में पांच की मौत, छह घायल

पश्चिम एशिया में तनाव और बढ़ने के आसार

हूती के विदेश मंत्रालय के अधिकारी हुसैन अल-एजी ने अमेरिका और ब्रिटेन के जहाज, पनडुब्बियों और युद्धक विमानों द्वारा बड़े पैमाने पर आक्रामण की पुष्टि की है। अल-एजी ने ऑनलाइन लिखा, 'अमेरिका और ब्रिटेन को निस्संदेह भारी कीमत चुकाने और इस ज़बरदस्त आक्रामकता के गंभीर परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।'

हूती के मुख्य वार्ताकार और प्रवक्ता मोहम्मद अब्दुल-सलाम ने अमेरिका और ब्रिटेन के हमले को मूर्खतापूर्ण बताया। सलाम ने लिखा, यदि उन्होंने सोचा कि वे यमन को फिलिस्तीन और गाजा का समर्थन करने से रोक देंगे तो वे गलत हैं। हूती विद्रोहियों ने नवंबर से ही उन जहाजों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है जिनका इस्राइल से कोई स्पष्ट संबंध नहीं है, जिससे वैश्विक व्यापार के लिए एक प्रमुख नौवहन मार्ग खतरे में पड़ गया है। हूती के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने पहले से रिकॉर्ड संबोधन में कहा कि उनके नियंत्रण वाले यमन के पांच क्षेत्रों में 73 हमले हुए।

अमेरिकी और ब्रिटिश दुश्मन हमारे यमनी लोगों के खिलाफ अपनी आपराधिक आक्रामकता के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार हैं और इसका जवाब और दंड दिये बिना नहीं छोड़ा जाएगा। उत्तर पश्चिमी यमन में हूती विद्रोहियों के गढ़ सादा में शुक्रवार को सैकड़ों लोग रैली के लिए जमा हुए। भीड़ में शामिल लोगों ने अमेरिका और इस्राइल के खिलाफ नारेबाजी की। इस बीच शुक्रवार को अमेरिकी नौसेना ने कुछ दिन पहले भारत और श्रीलंका के तटों के पास हुए हमले की पुष्टि की। रासायनिक टैंकर पैसिफिक गोल्ड पर 4 जनवरी को हमला हुआ था, जिसे अमेरिकी नौसेना ने एकतरफा ईरानी ड्रोन हमला बताया था। नौसेना के मध्यपूर्व स्थित 5वें बेड़े के प्रमुख, वाइस एडमिरल ब्रैड कूपर ने कहा, ईरान की हरकतें अंतरराष्ट्रीय कानून के विपरीत हैं और समुद्री सुरक्षा और स्थिरता के लिए खतरा हैं।'

लाल सागर में हमलों के मामले में जयशंकर ने की ब्लिंकन से चर्चा

न्यूयॉर्क (भाषा)। अमेरिका ने लाल सागर में हूती विद्रोहियों के हमलों को लेकर भारत से साझा चिंताओं पर चर्चा की और क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा में दोनों देशों के बीच बढ़ते सहयोग का स्वागत किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने फोन पर दक्षिणी लाल सागर और अदन की खाड़ी में हूती के हमलों को लेकर अमेरिका तथा भारत की साझा चिंताओं पर चर्चा की। इन हमलों ने वाणिज्यिक जहाजों के निर्बाध आवागमन, निर्दोष नौसैनिकों की जान खतरे में डाल दी है और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन किया है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बताया ब्लिंकन ने कहा कि लाल सागर प्रमुख वाणिज्यिक गलियारा है, जहां से अंतरराष्ट्रीय व्यापार होता है। उन्होंने क्षेत्र में नौवहन की स्वतंत्रता की रक्षा करने में भारत के साथ बढ़ते सहयोग का स्वागत किया। भारत के विदेश मंत्री जयशंकर और अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन ने इस्राइल-हमास संघर्ष, तनाव को रोकने के प्रयासों और गाजा में नागरिकों को मानवीय सहायता की आपूर्ति में वृद्धि पर भी चर्चा की। ब्लिंकन ने यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध पर भी चर्चा की। जयशंकर ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि उन्होंने अपने मित्र ब्लिंकन से अच्छी बातचीत की। हमारी बातचीत में समुद्री सुरक्षा चुनौतियों, विशेष रूप से लाल सागर क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। गाजा समेत पश्चिम एशिया में मौजूदा हालात पर उनके दृष्टिकोण को सराहा। जयशंकर ने कहा कि उन्होंने यूक्रेन संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम पर अपने विचार साझा किए।

ईरान : दोहरे बम विस्फोट के मामले में 35 गिरफ्तार

तेहरान (आईएएनएस)। ईरान के खुफिया मंत्रालय ने 3 जनवरी को देश के दक्षिणपूर्वी शहर करमान में हुए दोहरे बम विस्फोटों के सिलसिले में 35 लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना में 90 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 280 लोग घायल हुए थे।

खुफिया मंत्रालय ने ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास हुए आतंकवादी हमले के बारे में विस्तृत विवरण प्रदान करते हुए बताया कि गिरफ्तारियां करमान, सिस्तान, बलूचिस्तान, खुरासान रजावी, इस्फहान, तेहरान और पश्चिम अजरबैजान हुई हैं। हमले में शामिल कुछ व्यक्तियों की पहचान का भी उल्लेख किया गया है जो फिलहाल विदेश में हैं। ई

ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की कब्र के पास हुए आतंकवादी हमले में 90 लोगों की हुई थी मौत

त्रालय के अनुसार हमले की योजना बनाने और ऑपरेशन के लिए सहायता प्रदान करने में केंद्रीय भूमिका अब्दुल्ला ताजिकी नामक ताजिक नागरिक ने निभाईद है। घरेलू बम बनाने में विशेषज्ञ ताजिकी ने 19 दिसंबर, 2023 को दक्षिण-पूर्वी सीमा के माध्यम से अवैध रूप से ईरान में प्रवेश किया और नरसंहार से दो दिन पहले देश छोड़ दिया।

भारत में जन्मे तरुण गुलाटी लंदन मेयर पद के उम्मीदवार

लंदन (आईएएनएस)। भारत में जन्में और पेशे से निवेश बैंकर तरुण गुलाटी 2024 लंदन मेयर चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए तरुण ने कहा कि वह ऐसे देश से आते हैं, जहां जहरीली हवा एक बड़ा मुद्दा है और चाहते हैं कि ब्रिटिश राजधानी में चीजें हरित और अधिक प्रभावी हों। 2 मई को होने लंदन मेयर चुनाव में भाग ले रहे हैं तरुण गुलाटी को उम्मीद है कि वे छह सप्ताह के भीतर लिबरल, डेमोक्रेट और ग्रीन उम्मीदवारों से आगे होंगे। उन्होंने कहा, 20 साल से अधिक समय तक लंदन में रहने के बाद वे अल्ट्रा लो एमिशन जोन (यूएलईजेड) को पूरी तरह से खत्म करना चाहते हैं, सप्ताहांत पर भीड़भाड़ शुल्क हटाना चाहते हैं और कम यातायात वाले इलाकों को खत्म करना चाहते हैं। गुलाटी के अनुसार कारों के लिए बाधाएं, जैसे कि कम यातायात वाले इलाके में सड़क-अवरोध, वाहनों को खड़े रहने और धुएं का उत्सर्जन करने के कारण प्रदूषण में योगदान दे रहे थे।

पेशे से निवेश बैंकर गुलाटी ने कहा- ब्रिटिश राजधानी में चीजें हरित और अधिक प्रभावी होनी चाहिए

तरुण गुलाटी के बाद श्याम बत्रा ने निर्दलीय उम्मीवार के रूप में चुनाव में उतरने की घोषणा की : लंदन में पहली बार भारतीय मूल का कोई व्यक्ति मेयर बन सकता है। वित्त और संपत्ति दलाल श्याम बत्रा ने मई 2024 के चुनाव में निर्दलीय उम्मीवार के रूप मे उतरने की घोषणा की है। 62 वर्षीय बत्रा इस साल के उम्मीदवारों की सूची में निवेश बैंकर तरुण गुलाटी के बाद दूसरे ब्रिटिश-भारतीय हैं। चुनाव जीतने वाला मेयर सादिक खान की जगह लेगा। सादिक लेबर पार्टी के उम्मीदवार के रूप में एक बार फिर से चुनाव मैदान में हैं। पचिश्मी लंदन के उक्सब्रिज के निवासी बत्रा ने बताया कि वह खुद को राजनीतिक उम्मीदवार के रूप में नहीं देखते हैं।

परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करेगा रूस : मेदवेदेव

मॉस्को(आईएएनएस)। रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने पश्चिमी देशों को चेताते हुए कहा, अगर रूस के लांचरों पर पश्चिमी देशों के मिसाइलों से हमला किया जाता है तो रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। मेदवेदेव ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट में यह चेतावनी दी है।

उन्होंने रूसी लॉन्चरों को नष्ट करने के लिए अमेरिका की ओर से यूक्रेन को दी गई लंबी दूरी की मिसाइलों का उपयोग करने के यूक्रेनी पक्ष के हालिया प्रस्तावों के जवाब में यह टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि यह आत्मरक्षा का अधिकार नहीं होगा, बल्कि रूस के लिए ऐसे राज्य के खिलाफ परमाणु हथियारों का उपयोग करने का प्रत्यक्ष और स्पष्ट आधार होगा। उन्होंने कहा कि यह कदम रूस के परमाणु सिद्धांत के अनुरूप होगा, जो राज्य के अस्तित्व को खतरा होने पर पारंपरिक हथियारों के साथ रूसी संघ के खिलाफ आक्रामकता के जवाब में परमाणु हथियारों के अधिकार को निर्धारित करता है।

जापान ने किया निगरानी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण

तोक्यो (एपी)। जापान ने उत्तर कोरिया में सैन्य स्थलों की गतिविधियों पर नजर रखने और प्राकृतिक आपदाओं पर जवाबी कार्रवाई में सुधार करने के मिशन के तहत शुक्रवार को सरकारी खुफिया उपग्रह को ले जाने वाला एक रॉकेट प्रक्षेपित किया।

मित्सुबिशी हैवी इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा प्रक्षेपित एच2ए रॉकेट, अपनी सैन्य क्षमता को तेजी से बढाने के लिए तोक्यो के टोही प्रयास के हिस्से के रूप में ऑप्टिकल उपग्रह को लेकर दक्षिण-पश्चिमी जापान के तनेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से रवाना हुआ।उपग्रह खराब मौसम में भी तस्वीरें खींच सकता है। 1988 में उत्तर कोरियाई मिसाइल के जापान के ऊपर से उड़ान भरने के बाद जापान ने खुफिया जानकारी एकत्र करने वाला उपग्रह कार्यक्रम शुरू किया था और इसका लक्ष्य संभावित मिसाइल प्रक्षेपणों का पता लगाने और प्रारंभिक चेतावनी देने के लिए 10 उपग्रहों का एक नेटवर्क स्थापित करना है।फुमियो किशिदा सरकार, 2022 में अपनाई गई अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति के तहत अमेरिका निर्मित टॉमहॉक और अन्य क्रूज मिसाइलों को अगले साल की शुरुआत तक तैनात करने पर जोर दे रही है ताकि आत्मरक्षा की नीति से आगे बढते हुए वह मारक क्षमता हासिल कर सके । इसके पीछे सरकार चीन और उत्तर कोरिया द्वारा अपनी हथियार क्षमता को मजबूत किए जाने का हवाला दे रही है। नए रॉकेट की पहली परीक्षण उड़ान पिछले साल विफल रही थी।

उत्तर कोरियाई मिसाइलों व सैन्य गतिविधियों पर नजर रखना मकसद

कार्ति चिदंबरम तीसरी बार प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश

नई दिल्ली (भाषा)। कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम शुक्रवार को एक बार फिर से प्रवर्तन निदेशालय के समक्ष पेश हुए । वर्ष 2011 में कुछ चीनी नागरिकों को कथित वीजा जारी किए जाने से जुड़े धनशोधन मामले में पिछले एक महीने से भी कम समय में यह तीसरा मौका है जब वह जांच एजेंसी के समक्ष पूछताछ के लिए पेश हुए हैं ।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्ति से इससे पहले पिछले साल 23 दिसंबर को और इस वर्ष दो जनवरी को पूछताछ कर चुका है । केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तमिलनाडु के शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति का बयान दर्ज किया है । शुक्रवार की सुबह कार्ति तीसरी बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित ईडी के मुख्यालय पहुंचे। ऐसा माना जाता है कि इस बार भी उनसे चीनी नागरिक वीजा मामले से जुड़े पीएमएलए मामले में पूछताछ हुई है । सांसद ने इस मामले में जांच एजेंसी के समन को 'सामान्य मामला और ऐसी चीजें बताया जो नियमित रूप से होती हैं, खासकर जब चुनाव नजदीक आते हैं।' उन्होंने इस महीने की शुरुआत में गवाही देते हुए संवाददाताओं से कहा था, 'ये सभी व्यर्थ की कवायदें हैं। हम उन पर अमल करेंगे।' पीएमएलए के प्रावधानों के तहत दर्ज किया गया धन शोधन मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की प्राथमिकी से निकला है । केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी के अनुसार यह जांच वेदांत समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) के एक शीर्ष अधिकारी द्वारा कार्ति और उनके करीबी सहयोगी एस भास्कररमन को रिश्वत के रूप में 50 लाख रुपए दिए जाने के आरोपों से संबंधित है, जो पंजाब में एक बिजली संयंत्र स्थापित कर रहा था ।

आईसीजे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आया सामने

तेल अवीव (आईएएनएस)। इस्राइल को गाजा में कथित नरसंहार के आरोप में हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में ले जाने के दक्षिण अफ्रीका के फैसले के खिलाफ कॉम्बैट एंटीसेमिटिज्म मूवमेंट (सीएएम) सामने आया है। गठबंधन ने अपने बयान में कहा कि घरेलू राजनीतिक लाभ हासिल करने और दमनकारी शासनों के साथ खुद को जोड़ने की कोशिश में दक्षिण अफ्रीका इस्राइल को आईसीजे में ले गया है। गौरतलब है कि सीएएम वैश्विक गठबंधन है। दुनिया भर में नफरत के खिलाफ लड़ने वाले इस मिशन में 830 से अधिक साझेदार संगठन और धार्मिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के 40 लाख से अधिक लोग शामिल हैं।

सीएएम के बयान में कहा गया है कि नरसंहार से लड़ने वाले एक राष्ट्र पर उसी अपराध को अंजाम देने का आरोप लगाने में कोई वैधता नहीं है और कहा कि यह द्वितीय विश्व युद्ध में सहयोगियों पर नाजियों के खिलाफ नरसंहार करने का आरोप लगाने जैसा होगा। सीएएम ने यह भी कहा कि नरसंहार के वास्तविक अपराधियों के खिलाफ खड़े होने का दक्षिण अफ्रीका का इतिहास बहुत समस्याग्रस्त रहा है। दक्षिण अफ्रीका नरसंहार के आरोपों में बेहद और कुटिलतापूर्वक चयनात्मक है, यजीदियों की सामूहिक हत्या, अपने ही शासन द्वारा मारे गए हजारों सीरियाई लोगों और अफ्रीका में अनगिनत नरसंहार के प्रयासों को नजरअंदाज कर रहा है। वास्तव में दक्षिण अफ्रीका ने अतीत में वास्तविक नरसंहार के अपराधियों के प्रति चौंकाने वाला और संवेदनहीन रवैया प्रदर्शित किया है, विशेष रूप से जब उसने 2015 में पूर्व राष्ट्रपति को गिरफ्तार करने के अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) के आदेश पर ध्यान देने से इनकार कर दिया था।

गठबंधन ने की नरसंहार के आरोप में इस्राइल को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले जाने के फैसले की आलोचना

दक्षिण अफ्रीका को नरसंहार को रोकने में कोई दिलचस्पी नहीं है और इसका उद्देश्य केवल यहूदी लोगों की राष्ट्रीय और स्वदेशी मातृभूमि के खिलाफ प्रचार और हमास के विनाशवादी इरादों को समर्थन देना है।

के सीईओ साचा रोयटमैन ड्रेटवा ने बयान जारी करने का कारण बताते हुए कहा, दक्षिण अफ्रीका यहूदी राज्य को बदनाम करने और उसे अवैध ठहराने की कोशिश कर रहा है। उनकी नफरत, यहूदी-विरोध और पाखंड के लिए उन्हें बुलाया जाना चाहिए।स्थानीय घरेलू अंक हासिल करने और नरसंहारक हमास के मौत के दस्तों को कानूनी कवर और सहायता देने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानूनी प्रणाली के इस हेरफेर और विनियोग की दुनिया भर के सभी सभ्य लोगों और देशों द्वारा निंदा की जानी चाहिए।

इस्राइल-लेबनान सीमा पर शांति का आग्रह

बेरुत (आईएएनएस)। लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने अमेरिकी दूत अमोस होचस्टीन के साथ चर्चा के दौरान दक्षिणी लेबनान पर इस्राइली हमलों को रोकने का आग्रह किया है। लेबनानी मंत्रिपरिषद के बयान के अनुसार हिजबुल्लाह और इस्राइल के बीच बढ़ते तनाव को दूर करने के लिए गुरुवार को लेबनान का दौरा करने वाले अमेरिकी दूत से लबनान के प्रधानमंत्री ने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय प्रस्तावों के पालन के माध्यम से शांति और स्थिरता चाहते हैं। अमेरिकी दूत होचस्टीन ने दक्षिणी लेबनान में स्थिति को शांत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए अस्थाई समझौते की खोज का प्रस्ताव दिया।

फिलिस्तीनी राज्य है क्षेत्रीय संबंधों को सामान्य बनाने का तरीका

तेल अवीव (आईएएनएस)। मध्य पूर्व के सात दिवसीय दौरे को समाप्त करते हुए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि क्षेत्रीय संबंध सामान्य बनाने का सबसे अच्छा तरीका फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना और ईरान को अलग-थलग रखना है। ब्लिंकन ने मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी के साथ बैठक के बाद यह टिप्पणी की।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, पहला रास्ता इस्राइल को क्षेत्रीय देशों और साथ ही अमेरिका और फिलिस्तीनी राज्य से सुरक्षा आश्वासन और प्रतिबद्धताओं के साथ एकीकृत किया जाएगा। दूसरा रास्ता आतंकवाद, शून्यवाद, हमास द्वारा, हूती द्वारा, हिजबुल्लाह द्वारा किए जा रहे विनाश को देखना जारी रखना है - ये सभी ईरान समर्थित हैं। यदि आप पहले रास्ते पर चलते हैं तो यह ईरान और उनके प्रॉक्सी को अलग-थलग करने, हाशिए पर रखने का सबसे अच्छा तरीका है, जो हमारे लिए और क्षेत्र में बाकी सभी लोगों के लिए परेशानी पैदा कर रहे हैं। काहिरा की अपनी यात्रा के अलावा ब्लिंकन ने गाजा में युद्ध को समाप्त करने के तरीकों की तलाश में तुर्की, जॉर्डन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और इस्राइल के शीर्ष नेताओं से भी मुलाकात की।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, ईरान और ईरान समर्थित आतंकी संगठनों को अलग थलग करना जरूरी

ब्लिंकन ने कहा कि क्षेत्र में स्थाई शांति के लिए अमेरिकी कूटनीति काम करती रहेगी। उन्होंने बंधकों को मुक्त कराने के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि अमेरिका, मिस्र और कतर संयुक्त रूप से रिहाई के प्रयासों में मध्यस्थता के लिए कर रहे हैं। उन्होंने युद्ध संबंधी हिंसा में 23 हजार से अधिक फिलिस्तीनी मारे जाने के हमास के दावे पर आपत्ति जताई।

खबर संक्षेप

एसबीआई ने पर्यावरण अनुकूल सावधि जमा योजना शुरू की

मुंबई। सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने पर्यावरण अनुकूल परियोजनाओं के वित्तपोषण के लिए शुक्रवार को हरित रुपया सावधि जमा योजना शुरू की। बैंक ने कहा कि यह योजना प्रवासी भारतीयों (एनआरआई) सहित सभी व्यक्तियों के लिए खुली है। निवेशकों को तीन अलग-अलग अवधियों- 1,111 दिन, 1,777 दिन और 2,222 दिन को चुनने की सुविधा प्रदान करती है।

विप्रो का शुद्ध लाभ 11.7 फीसदी घटा

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर, 2023) में एकीकृत शुद्ध लाभ 11.74 प्रतिशत घटकर 2,694.2 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 3,052.9 करोड़ रुपये रहा था। विप्रो की एकीकृत आय भी समीक्षाधीन तिमाही में 4.4 प्रतिशत घटकर 22,205.1 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में 23,229 करोड़ रुपये थी।

फर्स्ट सोलर ने तमिलनाडु संयंत्र पर किया निवेश

नई दिल्ली। अमेरिका की फर्स्ट सोलर ने तमिलनाडु में भारत का पहला एकीकृत सौर विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने में 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है। तमिलनाडु में स्थित इस संयंत्र का बृहस्पतिवार को उद्घाटन किया गया। इसकी वार्षिक क्षमता 3.3 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) है। कंपनी के बयान के अनुसार, यह भारतीय बाजार के लिए 'कंपनी की श्रृंखला 7' फोटोवोल्टिक (पीवी) सौर मॉड्यूल का उत्पादन करेगी।

टाटा मेटालिक्स को मूल कंपनी में विलय की मंजूरी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने टाटा मेटालिक्स लिमिटेड को उसकी मूल कंपनी टाटा स्टील में विलय की मंजूरी दे दी है। इससे अनुषंगी कंपनी के वित्तीय परिणामों की घोषणा से पहले निदेशक मंडल की बैठक रद्द कर दी गई है। टाटा मेटालिक्स ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी के वित्तीय नतीजे घोषित करने के लिए 12 जनवरी को होने वाली निदेशक मंडल की बैठक रद्द कर दी गई है।

एचडीएफसी एएमसी का मुनाफा 32 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। एचडीएफसी एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड (एचडीएफसी एएमसी) का दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 488 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने शेयर बाजारों को यह जानकारी दी है। कंपनी ने एक साल पहले की समान अवधि में 369.16 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी की कुल आय 23 प्रतिशत बढ़कर 814.17 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 663 करोड़ रुपये थी।

एप्पल से बड़ी कंपनी बनी माइक्रोसॉफ्ट, एआई में मारी बाजी, दोनों में चल रही टक्कर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया की दो दिग्गज कंपनियों एप्पल और माइक्रोसॉफ्ट में बाजार में बादशाहत की नजदीकी जंग जारी है। दोनों कंपनियों का मार्केट कैप इतना आसपास आ गया है कि रोजाना दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी बनने की लड़ाई चल रही है।

रोचक बात यह है कि अब एप्पल को पछाड़कर मामूली अंतर से माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी बन गई है। सॉफ्टवेयर निर्माता कंपनी माइक्रोसॉफ्ट की मार्केट कैप 2.888 और आईफोन निर्माता एप्पल का बाजार मूल्य 2.887 ट्रिलियन डॉलर हो गई है।

माइक्रोसॉफ्ट का मार्केट कैप 2.888 और एप्पल का 2.887 ट्रिलियन डॉलर हुआ

माइक्रोसॉफ्ट दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी

जानकारी के मुताबिक, गुरुवार के यह आंकड़े दर्शाते हैं कि भले ही यह अंतर न के बराबर हो लेकिन, माइक्रोसॉफ्ट अब दुनिया की सबसे मूल्यवान कंपनी है। साल 2021 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है कि उसकी मार्केट कैप माइक्रोसॉफ्ट से नीचे चली गई है।



एआई की बढ़ती डिमांड से हुआ फायदा

एप्पल के लिए 2024 की शुरुआत पिछले कुछ सालों में सबसे खराब हुई है। कंपनी मांग में आई कमी से परेशान है। माइक्रोसॉफ्ट के शेयर 1.5 फीसदी बढ़े हैं। कंपनी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती डिमांड से फायदा पहुंचा है। माइक्रोसॉफ्ट ने अन्य कंपनियों के मुकाबले एआई के मामले में बाजी मार ली है। निवेशकों की रुचि कंपनी में और ज्यादा बढ़ती जा रही है।

ट्रेड वॉर और हुआवे से मिल रहा कॉम्पटीशन

एप्पल के शेयर जनवरी में लगभग 3.3 फीसदी फिसल चुके हैं। उधर, माइक्रोसॉफ्ट के शेयरों में 1.8 फीसदी का उछाल आया है। चीन जैसे बड़े मार्केट में एप्पल के सबसे लोकप्रिय प्रोडक्ट आईफोन की मांग में कमी दर्ज की गई है। अमेरिका और चीन के बीच जारी ट्रेड वॉर और हुआवे से मिल रहा तगड़ा कॉम्पटीशन इसके लिए जिम्मेदार माना जा रहा है। हालांकि, एप्पल के सर्विस बिजनेस के भविष्य में और आगे बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है।

टीसीएस व इंफोसिस के परिणाम से निवेशक उत्साहित

आईटी शेयरों में बहार से नई ऊंचाई पर बाजार, सेंसेक्स 850 अंक उछला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

दिग्गज सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों टीसीएस एवं इन्फोसिस के बेहतर तिमाही नतीजों से उत्साहित घरेलू शेयर बाजारों में जमकर लिवाली होने से शुक्रवार को मानक सूचकांक सेंसेक्स करीब 850 अंक की छलांग लगाकर अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी भी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

विश्लेषकों ने कहा कि डॉलर के मुकाबले रुपए में मजबूती और प्रौद्योगिकी, रियल्टी एवं तेल खंडों में तगड़ी खरीदारी होने से भी घरेलू बाजार में निवेशक धारणा को बल मिला। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 847.27 अंक यानी 1.18 प्रतिशत उछलकर 72,568.45 के नए शिखर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 247.35 अंक चढ़कर 21,894.55 के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ।

आईटी क्षेत्र में सुधार के संकेत

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'दिग्गज आईटी कंपनियों की अगुवाई में भारतीय बाजार नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। वित्त वर्ष 2024-25 में बैंक एवं वित्तीय सेवा क्षेत्र के लिए बेहतर दृष्टिकोण होने से आईटी क्षेत्र में सुधार के संकेतों ने निवेशकों की धारणा पर सकारात्मक असर डाला।'

सेंसेक्स उछलकर 72,568.45 के नए शिखर पर हुआ बंद

टीसीएस करीब चार फीसदी चढ़ा

बाजार में तेजी की अगुवाई आईटी दिग्गज इन्फोसिस ने की और करीब आठ प्रतिशत की जोरदार छलांग लगाई। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के नतीजे बाजार की उम्मीदों से कहीं बेहतर रहने से इसके शेयरों को लेकर तगड़ा रुझान देखा गया। देश की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर निर्यातक कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का भी शेयर तेजी के इस दौर में करीब चार प्रतिशत चढ़ गया।

टेक महिंद्रा व विप्रो भी अच्छे बढ़े

इनके अलावा आईटी क्षेत्र की टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज एवं विप्रो के शेयर भी अच्छी बढ़त लेने में सफल रहे। बढ़त दर्ज करने वाले अन्य शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और लार्सन एंड टुब्रो भी शामिल थे।

इन्फोसिस के शेयर में आठ प्रतिशत की तेजी

सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी इन्फोसिस के शेयर में शुक्रवार को आठ प्रतिशत का उछाल आया। इसके साथ कंपनी का बाजार मूल्यांकन 48,652.73 करोड़ रुपए बढ़ गया। कंपनी का तीसरी तिमाही का परिणाम बाजार की उम्मीद के अनुरूप होने से शेयर चढ़ा है। कंपनी का शेयर बीएसई पर मजबूत शुरुआत के बाद 7.84 प्रतिशत चढ़कर 1,612.20 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

बजाज फिनसर्व में रही तेजी

दूसरी तरफ बजाज फिनसर्व, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई का सूचना प्रौद्योगिकी सूचकांक 5.06 प्रतिशत उछला जो क्षेत्रवार सूचकांकों में सर्वाधिक है। प्रौद्योगिकी खंड में भी 4.40 प्रतिशत की तेजी आई।

ब्रिटेन के नए आंकड़े से यूरोपीय बाजार में तेजी

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में खुदरा अनुसंधान प्रमुख दीपक जसानी ने कहा, 'निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ और अपनी तेजी का सिलसिला जारी रखा। ब्रिटेन के नए आर्थिक आंकड़े आने के बाद यूरोपीय बाजार में बढ़त देखी गई। हालांकि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों में उछाल रही।'

एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का सूचकांक निक्की बढ़त में रहा जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग निचले स्तर पर बंद हुए। यूरोपीय बाजार सकारात्मक दायरे में कारोबार कर रहे थे। अमेरिका में ज्यादातर बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे।

औद्योगिक उत्पादन नवंबर में आठ महीनों के निचले स्तर पर खिसका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- नवंबर में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन से घटकर 2 .4 फीसदी पर आया

देश का औद्योगिक उत्पादन नवंबर में विनिर्माण क्षेत्र के खराब प्रदर्शन की वजह से घटकर आठ महीनों के निचले स्तर 2.4 प्रतिशत पर आ गया। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) के संदर्भ में मापी गई औद्योगिक उत्पादन वृद्धि नवंबर 2022 में 7.6 प्रतिशत रही थी। आईआईपी वृद्धि का पिछला निचला स्तर मार्च, 2023 में 1.9 प्रतिशत रहा था। इस तरह नवंबर में 2.4 प्रतिशत की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष में औद्योगिक उत्पादन की अब तक की सबसे कम वृद्धि है।

चालू वित्त वर्ष के पहले आठ महीनों (अप्रैल-नवंबर) में औद्योगिक उत्पादन की कुल वृद्धि दर 6.4 प्रतिशत रही है जो एक साल पहले की समान अवधि के 5.6 प्रतिशत से अधिक है। एनएसओ ने अक्टूबर महीने के लिए आईआईपी को संशोधित कर 11.6 प्रतिशत कर दिया है जो पिछले महीने जारी अस्थायी अनुमान में 11.7 प्रतिशत था। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, पिछले वर्ष की समान अवधि की वृद्धि दर की व्याख्या कोविड-19 महामारी के कारण पैदा हुई असामान्य परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए की जानी चाहिए। एनएसओ की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, विनिर्माण क्षेत्र की उत्पादन वृद्धि दर नवंबर में घटकर 1.2 प्रतिशत रह गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 6.7 प्रतिशत थी।

नवंबर, 2023 में बिजली उत्पादन की वृद्धि दर भी धीमी होकर 5.8 प्रतिशत रह गई, जबकि एक साल पहले की इसी अवधि में यह 12.7 प्रतिशत रही थी।

टाटा मोटर्स ने साणंद के नए संयंत्र में उत्पादन किया शुरू

- जनवरी में फोर्ड इंडिया से 725 .7 करोड़ रुपए में यह संयंत्र लिया था
- 12 महीने की अवधि में कारखाने को सफलतापूर्वक पुन: तैयार किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स ने गुजरात के साणंद में अपने नये कारखाने में उत्पादन शुरू कर दिया है। टाटा मोटर्स की इकाई टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड ने पिछले साल जनवरी में फोर्ड इंडिया से 725.7 करोड़ रुपये में यह संयंत्र हासिल किया था।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (टीपीईएम) के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने एक बयान में कहा, 'हमने 12 महीने की सबसे कम अवधि में कारखाने को सफलतापूर्वक पुनः तैयार किया है। हम इसे मौजूदा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला और भविष्य में आने वाले नए मॉडल को समायोजित करने के लिए एक नए स्तर पर ले गए हैं।' चंद्रा ने कहा कि यह कारखाना टाटा मोटर्स, खासकर टीपीईएम को नई उपलब्धियां हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

चंद्रा ने कहा, 'मौजूदा क्षमता के साथ यह नई सुविधा प्रति वर्ष अतिरिक्त तीन लाख इकाइयों का निर्माण करेगी, जिसे 4.2 लाख इकाइयों तक बढ़ाया जा सकता है।'

एक हजार नौकरियों का होगा सृजन

यह गुजरात में कंपनी का दूसरा संयंत्र है। यह पेट्रोल (आईसीई) और इलेक्ट्रिक मॉडल दोनों का उत्पादन करेगा। संयंत्र में अभी 1000 से अधिक लोग काम करते हैं। टाटा मोटर्स के अनुसार, कंपनी उत्पादन बढ़ाने की योजना के तहत अगले तीन-चार महीने में अतिरिक्त 1,000 नौकरियों का सृजन करेगी।

प्रतियोगिता दर्पण का 'फरवरी अंक' अब बाजार में उपलब्ध

आगरा। संघ व राज्य लोक सेवा आयोग एवं अन्य आगामी प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए प्रतियोगिता दर्पण का अत्यन्त महत्वपूर्ण 'फरवरी 2024' अंक आकर्षक, रंगीन कैलेंडर के साथ आज बिक्री के लिए जारी किया गया। इस अवसर पर समूह के संपादक एवं प्रकाशक राहुल जैन ने बताया कि परीक्षोपयोगी सामग्री से परिपूर्ण इस अंक को सिविल सेवा परीक्षा के लिए विशेष अध्ययन सामग्री से परिपूर्ण किया गया है।

राहुल जैन ने बताया कि इस अंक में सामयिक एवं महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट लेख के साथ-साथ अत्यन्त महत्वपूर्ण हल प्रश्न-पत्र जैसे उ.प्र. पी.सी.एस. (मुख्य), यूजीसी-नेट/जे.आर.एफ. आदि के साथ-साथ सिविल सेवा (प्रा.) परीक्षा, छत्तीसगढ़ पीएससी राज्य सेवा (प्रा.) एवं हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा के मॉडल हल दिये गये हैं जिनके अध्ययन से परीक्षार्थियों को सफलता प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। साथ ही युवा प्रतिभाओं के अन्तर्गत विभिन्न परीक्षाओं के टॉपर्स से भेंटवार्ता द्वारा प्रतियोगियों को साक्षात्कार एवं परीक्षाओं की तैयारी के सम्बन्ध में उपयोगी मार्गदर्शन प्राप्त होगा।



बिजनेस साइट

छत्तीसगढ़ सिविल जज-2022 टॉप-10 में से टॉप 7 चाणक्य लॉ एकेडमी से

रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सीजीपीएसई द्वारा आयोजित सिविल जज-2022 की अंतिम चयन सूची 11 जनवरी को जारी की गई है। छत्तीसगढ़ का हृदय स्थल, रायपुर से चाणक्य लॉ एकेडमी के 27 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की है जिसमें प्रावीण्य सूची के 10 विद्यार्थियों में 7 विद्यार्थी चाणक्य लॉ एकेडमी ने दिए है।

संस्था के मेंटर नितिन नामदेव ने अपनी संस्था की सफलता का मुख्य स्त्रोत अनुशासन और कर्मठता को दिया है। प्रदेश में एक मात्र ऐसी संस्था है जो पूर्ण रूप से अनुशासित है एवं बच्चों के विकास परीक्षण के लिए नियमित रूप से साप्ताहिक और विषय वार टेस्ट कराए जाते हैं और टेस्ट के परिणाम छात्रों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी सांझा किया जाता है। उनकी समुचित विकास के लिए समय-समय पर विविध गतिविधियां कराई जाती है जिससे संस्था में न केवल न वो अध्ययन कर सकें बल्कि उसे महसूस कर सकें।

डॉ. जायसवाल ने ओवेरियन कैंसर से पीड़ित महिला को दिया नया जीवनदान

रायपुर। मध्यभारत के सुप्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि जायसवाल ने कैंसर चिकित्सा क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि अर्जित करते हुए 42 वर्षीय महिला के चौथे स्टेज के ओवेरियन कैंसर की 'रुकापेरिब मेंटेनेंस थेरेपी टारगेटेड चिकित्सा' के द्वारा, बिना ऑपरेशन व कीमो के बिना, सफल इलाज कर महिला को नया जीवन दिया है। डॉ. रवि जैसवाल की उक्त रिसर्च व केस रिपोर्ट इंटरनेशनल जर्नल में प्रकाशित हुई है, तथा कैंसर चिकित्सा क्षेत्र में डॉ. रवि द्वारा दिए गए योगदान एवं उनकी रिसर्च की प्रशंसा की गई है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर में अपनी अमूल्य सेवाएं दे रहे मध्यभारत के जाने माने कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि जैसवाल ने कैंसर चिकित्सा क्षेत्र की एक बड़ी हस्ती के रूप में अपना स्थान बनाया है।

केवल टेबलेट से चौथे स्टेज का कैंसर हुआ ठीक : डॉ. जायसवाल ने बताया कि उस महिला को उक्त कैंसर दोबारा लौटा था, महिला की हालत जटिल थी, उसकी जेनेटिक जांच की गई, 'बीआरसीए' की रिपोर्ट पॉजिटिव रही, महिला का इलाज विशेष टारगेटेड दवा 'ओलापेरिब' के द्वारा किया गया।

वीजीआर ग्रुप और गणपति डेवलपर्स का प्रीमियम प्रोजक्ट 'ऑर्किड व्यूज' का शुभारंभ आज

रायपुर। छत्तीसगढ़ के भरोसेमंद बिल्डर वीजीआर ग्रुप और गणपति डेवलपर्स द्वारा एक प्रीमियम प्लॉटिंग प्रोजेक्ट 'ऑर्किड व्यूज-प्रीमियम लाइफस्टाइल नया अंदाज' का शुभारंभ 13 एवं 14 जनवरी को किया जा रहा है। वीजीआर ग्रुप और गणपति डेवलपर्स द्वारा नवनिर्मित यह प्रोजेक्ट सभी आय वर्ग के लोगों को ध्यान में रखकर प्राइम लोकेशन और प्रीमियम सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है। राजधानी के दलदल सिवनी क्षेत्र में स्थित ऑर्किड व्यूज प्रोजेक्ट के पास ही मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल्स, प्रीमियम स्कूल्स, अंबुजा मॉल जैसी कई सुविधाएं उपलब्ध हैं जिसकी वजह से यह प्रोजेक्ट ग्राहकों के निवेश के लिए काफी सार्थक साबित होगा।वीजीआर ग्रुप के डायरेक्टर विजय नाथानी ने बताया कि 'ऑर्किड व्यूज' लोगों की आधुनिक सुविधाओं और उनकी महत्वपूर्ण आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर बनाया गया शानदार प्रोजेक्ट है। वहीं, गणपति डेवलपर्स के डायरेक्टर विजय पंजवानी का कहना है कि यह उन लोगों के लिए एक अच्छा विकल्प है, जो बेस्ट सुविधाओं के साथ मॉडर्न लाइफस्टाइल का सपना देख रहें हैं।

सितंबर 2016 में यह रकम 100 लाख करोड़ रुपए थी

बैंकों में जमा पैसा हुआ दोगुना, आंकड़ा 200 लाख करोड़ रुपए के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय इकोनॉमी के साथ-साथ बैंकिंग सिस्टम के लिए भी साल 2023 कमाल का रहा। बैंकिंग सिस्टम में जमा रकम दोगुनी हो गई। बैंकों में जमा रकम पिछले साल 200 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। सितंबर, 2016 में यह रकम 100 लाख करोड़ रुपए थी। इसमें सालाना आधार पर 9.5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, यह भारतीय बैंकों में जमा पैसे का सबसे कम समय में 100 लाख करोड़ रुपए तक पहुंचने का आंकड़ा है। आरबीआई के अनुसार, 29 दिसंबर, 2023 तक बैंक डिपाजिट का आंकड़ा 200.8 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है। यह पिछले साल के मुकाबले 13.2 फीसदी बढ़ा है।

- इसमें सालाना आधार पर 9 .5 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई

म्यूच्युअल फंड में अब ज्यादा पैसा लगा रहे लोग

केंद्रीय बैंक के अनुसार, इस रकम में से 176 लाख करोड़ रुपए टर्म डिपॉजिट और बाकी का पैसा सेविंग्स अकाउंट एवं करेंट अकाउंट में पड़ा हुआ है। बैंक एडवांस इस अवधि में 159.6 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इसमें 2022 के मुकाबले लगभग 20 फीसदी का इजाफा हुआ है। पिछले कुछ सालों में घरेलू बचत का रुख म्यूच्युअल फंड की तरफ मुड़ा है। लोग अब अपनी बचत को इन फंड्स में लगा रहे हैं।

म्यूच्युअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम बैंक जमा का एक चौथाई हुआ

साल 2023 में म्यूच्युअल फंड इंडस्ट्री के एसेट्स अंडर मैनेजमेंट में रिकॉर्ड 10 लाख करोड़ रुपए जुड़े हैं। इसके चलते इंडस्ट्री का कुल एयूएम 50 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गया है। साल 2023 में म्यूच्युअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम बैंक जमा का एक चौथाई हो चुका है। साल 2003 में बैंकों में जमा कुल रकम 12.6 लाख करोड़ रुपए थी और म्यूच्युअल फंड इंडस्ट्री का एयूएम सिर्फ 1.2 लाख करोड़ रुपए था। यह कुल बैंक जमा का लगभग 10वां हिस्सा था।

बैंकों में जमा पैसा तेजी से हुआ है दोगुना

पिछले कुछ सालों में बैंकों में जमा पैसा भी तेजी से बढ़ा है। साल 1997 में यह रकम 5.1 लाख करोड़ रुपए थी। इसे दोगुना होकर 10 लाख करोड़ रुपए होने में लगभग 4 साल लगे। इसके बाद मार्च, 2006 में यह रकम दोगुनी होकर 20 लाख करोड़ रुपए हो गई। सबसे तेजी से यह रकम दोगुनी मार्च, 2006 से जुलाई, 2009 के बीच हुई थी। इस दौरान बैंक जमा का आंकड़ा 40 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया था।

यात्री वाहनों की थोक बिक्री 2023 में 40 लाख के पार

नई दिल्ली। घरेलू यात्री वाहन की थोक बिक्री 2023 में 40 लाख के पार पहुंच गई। उपयोग वाहनों की मजबूत मांग के दम पर मांग में उछाल आया। वाहन कंपनियों के संगठन सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने शुक्रवार को नवीनतम आंकड़े जारी किए।

सियाम के अनुसार, कंपनियों से डीलर तक कुल यात्री वाहन की आपूर्ति 2023 में आठ प्रतिशत बढ़कर 41,01,600 इकाई रही। बीते वर्ष 2022 में यह 37,92,444 इकाई थी। इस दौरान यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 22.4 प्रतिशत बढ़कर 23,53,605 इकाई हो गई, जो 2022 में 19,22,805 इकाई थी। वैन की आपूर्ति 2022 में 1,32,468 इकाइयों की तुलना में 2023 में बढ़कर 1,46,122 इकाई हो गई।

सोना 130 रुपए मजबूत, चांदी 300 रुपए फिसली

नई दिल्ली। वैश्विक स्तर पर बहुमूल्य धतुओं की कीमतों में उछाल आने के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 130 रुपये की तेजी के साथ 63,280 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबार में सोना 63,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत 300 रुपये की गिरावट के साथ 76,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'विदेशी बाजारों से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में सोने की हाजिर कीमतें 130 रुपये बढ़कर 63,280 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गयी।'

खबर संक्षेप

हनुमा ने छोड़ी रणजी में आंध्र की कप्तानी

मुंबई। भारतीय खिलाड़ी हनुमा विहारी मौजूदा रणजी ट्राफी में आंध्र टीम की अगुआई नहीं करेंगे क्योंकि गुरुवार को वह कप्तानी से हट गए। शुक्रवार को आंध्र के ग्रुप बी मैच में मुंबई के खिलाफ रिंकी भुई टीम की अगुआई कर रहे थे। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार विहारी का यह निजी फैसला थी और वह अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान लगाना चाहते थे। विहारी ने बंगाल के खिलाफ ड्रा रहे पहले मैच में 51 रन बनाए थे। विहारी ने 16 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है जिसमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक से 33.56 के औसत से 839 रन बनाए हैं।

सेंटनर पहले टी20 मैच से बाहर

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर कोविड-19 जांच में पॉजिटिव पाए जाने के बाद शुक्रवार को यहां पाकिस्तान के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में

नहीं खेल पाए। यह 31 साल का खिलाड़ी शुक्रवार सुबह जांच में वायरस से संक्रमित पाया गया। इसकी पुष्टि के बाद उन्हें टीम होटल में अलग रखा गया था। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने 'एक्स' पर कहा, 'सेंटनर कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आने के बाद आज शाम पाकिस्तान के खिलाफ शुरुआती केएफसी टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए ईडन पार्क की यात्रा नहीं करेंगे।'

श्रीलंका क्रिकेट को बैन हटने की उम्मीद

कोलंबो। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सीईओ जैफ अलार्डिस ने हाल ही में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और खेलमंत्री हारिन फर्नांडो से 'सार्थक' बातचीत की है जिसके बाद श्रीलंका क्रिकेट ने उस पर लगा अंतरराष्ट्रीय निलंबन वापिस लिए जाने की उम्मीद जताई है। आईसीसी ने श्रीलंका क्रिकेट के कामकाज में राजनीतिक दखल का हवाला देकर पिछले साल नवंबर में उसे निलंबित कर दिया था। श्रीलंका में होने वाला अंडर 19 विश्व कप भी दक्षिण अफ्रीका में आयोजित कराने का फैसला लिया गया।

अश्विनी-तनीषा की जोड़ी अंतिम आठ में हारी

कुआलालंपुर। भारत की अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को शुक्रवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000

बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी हालांकि उस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सकी और इवानागा तथा नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गई। यह भारतीय जोड़ी की विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज जापान की जोड़ी के खिलाफ दूसरी हार थी।

विश्व कप टीम में जगह बनाने पर नजरें

मोहाली। चोट के कारण वनडे विश्व कप से बाहर रहे स्पिनर अक्षर पटेल ने कहा कि उनकी नजरे आईपीएल 2024 में अच्छा

प्रदर्शन करके जून में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने पर लगी है। अक्षर ने अफगानिस्तान के खिलाफ पहले टी20 में चार ओवर में 23 रन देकर दो विकेट लिए। उन्होंने कहा, 'मेरा काम अपना शत प्रतिशत देना है। मैं विश्व कप टीम चयन के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा। अगर सोचूंगा तो दबाव में आ जाऊंगा। अभी मेरा फोकस आईपीएल पर है और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला भी खेलनी है।'

अभ्यास सत्र... रांची। शुक्रवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में चिली के खिलाफ एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 मैच से पहले प्रशिक्षण सत्र के दौरान जर्मन हॉकी खिलाड़ी।

मलेशिया ओपन : लगातार दूसरे सेमीफाइनल में बनाई जगह

सात्विक-चिराग की जोड़ी अंतिम-4 में पहुंची, अश्विनी और तनीषा बाहर

एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की अनुभवी भारतीय जोड़ी शुक्रवार को यहां मलेशिया ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में चीन के रेन जियांग यू और हे जी टिंग की जोड़ी को सीधे गेम में हराकर लगातार दूसरे सेमीफाइनल में पहुंची। पिछले साल एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय जोड़ी ने मैच के दौरान शानदार तालमेल और नियंत्रण दिखाते हुए विश्व रैंकिंग में 32वें स्थान पर काबिज यू और टिंग की जोड़ी को महज 35 मिनट तक चले एकतरफा मुकाबले में 21-11, 21-8 से पराजित किया।

दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को फाइनल में पहुंचने के लिए कोरिया के कांग मिन ह्युक तथा सियो सेउंग जे और मलेशिया की तीसरी वरीयता प्राप्त आरोन चिया तथा सोह

वूई यिक की जोड़ी के विजेता से भिड़ना होगा। अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी को महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जापान की रिन इवानागा और की नाकानिशी से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 24वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी हालांकि उस प्रदर्शन को जारी नहीं रख सकी और इवानागा तथा नाकानिशी की जोड़ी से 39 मिनट तक चले मैच को 15-21, 13-21 से हार गयी।

तेज रैली से जीता मैच

सात्विक और चिराग के लिए बीता साल (2023) छह खिताबों के साथ शानदार रहा था उन्होंने उस लय को इस टूर्नामेंट में जारी रखा है। चीन की इस जोड़ी ने पिछले साल चाइना मास्टर्स में भारतीय जोड़ी को कड़ी टक्कर दी थी लेकिन सात्विक और चिराग की तेज रैली का उनके पास कोई जवाब नहीं था।

सेट 1

भारतीयों ने अपने नियंत्रण और खेल से चीन की जोड़ी को संभालने का कोई मौका नहीं दिया और शुरुआती गेम में 7-0 की बड़ी बढ़त बना ली। ब्रेक के समय सात्विक और चिराग 11-2 से आगे थे और पहला गेम जल्दी ही ख़त्म कर दिया। ब्रेक के समय भारतीय जोड़ी 11-2 से आगे थी। ब्रेक के बाद चीन की जोड़ी ने वापसी की कोशिश लेकिन चिराग और सात्विक के सामने उनकी एक ना चली।

सेट 2

भारतीयों ने छोर बदलने के बाद भी अपनी गति जारी रखी और ब्रेक तक 11-4 से आगे रहे। ब्रेक के बाद भारतीय जोड़ी को 2 मैच प्वाइंट मिले और उन्होंने दूसरे मौके पर ही इसे भुनाकर अंतिम चार में जगह पक्की की।

ओलंपिक क्वालीफायर

हॉकी: भारत का पहला मैच आज, अमेरिका देगा चुनौती

रांची। एशियाई खेलों में तीसरे स्थान पर रहने की निराशा से उबरते हुए भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर में शनिवार को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। टीम की नजरें अपने मैदान पर खेलने का फायदा उठाते हुए पेरिस का टिकट कटाने पर लगी होंगी। मेजबान भारत, जर्मनी, चेक गणराज्य, इटली, जापान, अमेरिका, चिली और न्यूजीलैंड यहां पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर में खेलेंगे। पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जाएंगे। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी को सर्वोच्च रैंकिंग मिली है जबकि भारत छठे स्थान पर है।न्यूजीलैंड रैंकिंग में नौवे स्थान पर है जबकि जापान 11वें, चिली 14वें, अमेरिका 15वें, इटली 19वें और चेक गणराज्य 25वें स्थान पर है।

ग्रुपवार टीमें

पूल ए : जर्मनी, जापान, चिली, चेक गणराज्य

पूल बी : भारत, न्यूजीलैंड, इटली, अमेरिका

न्यूजीलैंड से मैच कल

अमेरिका के बाद भारत को 14 जनवरी को न्यूजीलैंड और 16 जनवरी को इटली से खेलना है। सेमीफाइनल 18 जनवरी को और फाइनल 19 जनवरी को होगा।

15 मैच मैच में 9 हारे

भारत और अमेरिका ने 1983 के बाद से एक दूसरे के खिलाफ 15 बार खेला है जिसमें से नौ बार अमेरिका ने जीत दर्ज की जबकि भारत चार ही बार जीत सका और दो मैच ड्रॉ रहे। रैंकिंग में नीचे होने के बावजूद अमेरिकी टीम खतरनाक साबित हो सकती है।

अच्छे प्रदर्शन का यकीन

भारत की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने टूर्नामेंट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'हम एशियाई खेलों के जरिए ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए लेकिन अब वह बीती बात है। हमें इस टूर्नामेंट में अच्छे प्रदर्शन का यकीन है। हमें पहले से बेहतर प्रदर्शन करना होगा और अगर ऐसा कर सके तो हम ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर पाएंगे।'

चोटिल वंदना के हटने से लगा झटका

टूर्नामेंट से नौ दिन पहले भारत की अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया अभ्यास के दौरान चेहरे की हड्डी में फ्रेक्चर के कारण बाहर हो गई। हाल ही में भारत के लिए 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे करने वाली वंदना फॉरवर्ड पंक्ति की धुरी थी। उनकी जगह बलजीत कौर ने ली। टीम को वंदना की कमी खलेगी जो एक दशक से भारतीय टीम का अभिन्न अंग रही है और रियो ओलंपिक से तोक्यो ओलंपिक तक सारे बड़े टूर्नामेंट खेले हैं। वह ओलंपिक में हैट्रिक लगाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

श्योराण को ओलंपिक क्वालीफायर में स्वर्ण, तोमर ने जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारतीय निशानेबाजों अखिल श्योराण और ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में शुक्रवार को क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते।

श्योराण ने 460.2 स्कोर करके आठ निशानेबाजों का फाइनल जीता। वहीं टोक्यो ओलंपिक खेल चुके तोमर 459.0 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहे। थाईलैंड के टी वोंगसुकदी ने कांस्य पदक मिला। श्योराण,

तोमर और स्वप्निल कुसाले ने मिलकर टीम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। भारतीय टीम ने 1758 अंक हासिल किए। चीन 18 अंक पीछे दूसरे ओर दक्षिण कोरिया तीसरे स्थान पर रहा। व्यक्तिगत क्वालीफिकेशन में तोमर 588 अंक लेकर तीसरे और श्योराण 586 अंक के साथ छठे स्थान पर रहे। भारत के अब दस स्वर्ण, आठ रजत और छह कांस्य पदक हो गए हैं।

न्यूजीलैंड ने पहले टी20 में पाक को 46 रन से हराया

ऑकलैंड। डेरिल मिचेल और केन विलियमसन के आक्रामक अर्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में शुक्रवार को पाकिस्तान पर 46 रन से जीत दर्ज की। मिचेल ने 27 गेंदों में 61 रन बनाए जबकि विलियमसन ने 42 गेंदों में 57 रन का योगदान दिया। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 40 गेंद में 78 रन की साझेदारी से न्यूजीलैंड ने पहले

बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 226 रन बनाए। टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान के खिलाफ यह न्यूजीलैंड का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। पाकिस्तान पूर्व कप्तान बाबर आजम (57) की मौजूदगी तक लक्ष्य हासिल करने की दौड़ में बनी थी लेकिन 17वें ओवर में उनका विकेट गिरते ही न्यूजीलैंड ने शिकंजा कस दिया।

शरत और साथियान पेश करेंगे चुनौती

मापुसा। अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी अचंत शरत कमल और साथियान ज्ञानशेखरन देश के 39 अन्य टेनिस खिलाड़ियों के साथ आगामी डब्लूटीटी स्टार कंटेंडर के एकल क्वालीफायर में चुनौती पेश करेंगे। इस टूर्नामेंट का दूसरा सत्र 23 से 28 जनवरी तक यहां पेड्डेम इंडोर स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत की

शीर्ष विश्व रैंकिंग वाली खिलाड़ी मनिका बत्रा और हरमीत देसाई सहित देश के नौ खिलाड़ियों को सीधे मुख्य ड्रॉ में प्रवेश मिला है। क्वालीफाइंग दौर में भारत के 32 खिलाड़ियों को जगह मिली है जिससे कुल खिलाड़ियों की संख्या 41 हो गई है जो पिछले साल से एक अधिक है।

अवनि को आस्ट्रेलियन गोल्फ में दूसरा स्थान

मेलबर्न। भारत की अवनि प्रशांत आस्ट्रेलियाई मास्टर्स आफ अमैच्योर्स गोल्फ चैंपियनशिप के चौथे और आखिरी दौर में तीन अंडर 70 के कार्ड के साथ दूसरे स्थान पर रही। फिलीपींस की रियाने मिखाएला मालिक्सी उनसे एक शॉट आगे रही। अवनि ने कुल छह अंडर 286 स्कोर किया जबकि मालिक्सी का स्कोर सात अंडर 285 रहा। जापान की निका इतो तीसरे और आस्ट्रेलिया की लियोन हिगो चौथे स्थान पर रही। अवनि पिछले साल इसी टूर्नामेंट में छठे स्थान पर रही थी।

आस्ट्रेलियन ओपन के एकल मुख्य ड्रॉ में पहुंचे सुमीत नागल

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारत के सुमित नागल स्लोवाकिया के एलेक्स मोलकान को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन के एकल मुख्य ड्रॉ में पहुंच गए हैं। नागल ने दो घंटे तीन मिनट तक चले मैच में 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी ने दूसरे सेट के दसवें गेम में 30-40 पर डबलफाल्ट किया। नागल का सामना पहले दौर में दुनिया के 31वें नंबर के खिलाड़ी कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक से होगा।

इस समय विश्व रैंकिंग में 139वें स्थान पर काबिज नागल 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के मुख्य ड्रॉ में खेलेंगे। उन्हें 2021 में पहले दौर में लिथुआनिया के रिकार्डास बेरांकिस ने हराया था। नागल 2019 और 2020 में अमेरिकी ओपन के मुख्य ड्रॉ में भी पहुंचे थे। उन्होंने 2019 अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के खिलाफ एक सेट जीता था हालांकि वह मुकाबला हार गए थे। इसके बाद अगले साल वह दूसरे दौर तक पहुंचे थे जिसमें उन्हें डोमिनिक थिएम ने हराया जिन्होंने बाद में खिताब जीता।

एशियन कप : भारतीय टीम 2011 और 2019 में ग्रुप चरण में हो गई थी बाहर

आस्ट्रेलिया से होगा भारत का पहला फुटबॉल मैच

एजेंसी ▶▶| अल रेयान

भारत के लिए एएफसी एशियाई कप के नॉकआउट दौर में जगह बनाना मुश्किल लग रहा है लेकिन असंभव नहीं है और टीम यहां शुरुआती ग्रुप मैच में खिताब की दावेदारों में शुमार आस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। भारतीय टीम पिछली दो बार 2011 और 2019 में भी ग्रुप चरण में बाहर हो गई थी। इस बार भी उसके सामने कठिन चुनौती होगी क्योंकि उसे ग्रुप बी में आस्ट्रेलिया, उज्बेकिस्तान और सीरिया के साथ रखा गया है।

भारत की इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट के राउंड 16 में जगह बनाने की उम्मीद 23 जनवरी को

सीरिया के खिलाफ मैच पर निर्भर करेगी क्योंकि आस्ट्रेलिया और उज्बेकिस्तान (18 जनवरी) कौशल के मामले से उससे काफी ऊपर हैं। सीरिया के खिलाफ जीत भारत को ग्रुप में तीसरे स्थान पर पहुंचा सकती है जिससे उसके पास नॉकआउट दौर में जगह बनाने का मौका बन सकता है क्योंकि प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें अगले दौर में पहुंचेंगी और साथ ही छह ग्रुप में से सर्वश्रेष्ठ तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम भी राउंड 16 नॉकआउट दौर में जगह बनायेंगी। मुख्य कोच इगोर स्टिमक और कप्तान सुनील छेत्री पहले ही संकेत दे चुके हैं कि आस्ट्रेलिया (25वीं रैंकिंग) और उज्बेकिस्तान (68वीं रैंकिंग) को हराना मुश्किल है, ये दोनों ग्रुप में शीर्ष दो स्थान हासिल करने की दावेदार हैं।

नॉकआउट में जगह बनाना बड़ी उपलब्धि

भारत ने 2007 और 2009 नेहरू कप टूर्नामेंट में सीरिया को हराया हुआ है जिससे छेत्री की अगुआई वाली 102वीं रैंकिंग टीम को उम्मीद की किरण दिखती है। अगर भारत नॉकआउट में जगह बना लेता है तो यह देश के लिए और छेत्री के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि होगी जो अंतिम दफा इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। पांचवीं बार एशियाई कप में खेल रहा भारत 2019 में पिछले चरण में ऐसा करने के काफी करीब पहुंच गया था। छेत्री का यह तीसरा एशियाई कप है। 39 वर्ष का यह करिश्माई स्ट्राइकर 2011 और 2019 में इस टूर्नामेंट में खेला था और उन्होंने छह मैच में चार गोल दागे थे जो किसी भारतीय के इसमें सर्वाधिक गोल थे।

अनुपम खेर ने पूरी की 'छोटा भीम' की शूटिंग

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अनुपम खेर इन दिनों अपनी फिल्म 'छोटा भीम' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। अब उन्होंने लाइव-एक्शन फिल्म 'छोटा भीम' की शूटिंग पूरी कर ली है, जिसकी जानकारी अभिनेता ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए दी। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शूटिंग सेट से कुछ तस्वीरें साझा कीं और बताया कि फिल्म की शूटिंग खत्म हो चुकी है। तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'और यह छोटा भीम फिल्म के लिए रैप है। क्या खूबसूरत अनुभव है। फिल्म में बच्चों का अभिनय सनसनीखेज है। अभिनय और सहजता के बारे में उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला।

लाइफ Style

जाह्नवी

सारा पर आया गुस्सा, उठा लिया ये कदम

जाह्नवी कपूर काफी समय से शिखर पहारिया को डेट कर रही हैं। कई बार दोनों को साथ में स्पॉट किया गया है। इतना ही नहीं कई बार जाह्नवी, शिखर के साथ मंदिर में भगवान का आशीर्वाद लेने भी जाती हैं। हालांकि कुछ दिनों पहले शिखर को सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा के साथ स्पॉट किया गया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इसके बाद अब खबर आ रही है कि जाह्नवी ने सारा को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। वैसे तो जाह्नवी की फॉलोइंग लिस्ट में सारा का नाम नहीं है। लेकिन इस बात को लेकर हम दावा नहीं करते कि पहले वह अन्हें फॉलो करती थीं या नहीं। बता दें कि कुछ दिनों पहले सारा और शिखर साथ में पार्टी करके गाड़ी में जाते हुए दिखे। सारा जहां पीछे बैठी थीं। वहीं शिखर आगे बैठे थे। दोनों को साथ में देखकर कई सवाल खड़े हो रहे थे कि कहीं जाह्नवी और शिखर अब साथ तो नहीं, लेकिन फैंस का कहना है कि हो सकता है दोनों अच्छे दोस्त और बस पार्टी कर रहे हों। वैसे बता दें कि जाह्नवी कुछ समय पहले करण जौहर के शो कॉफी विद करण में पहुंचीं। इस दौरान जाह्नवी ने अपनी पर्सनल लाइफ स्पेशयली डेटिंग लाइफ के बारे में बात की। जाह्नवी ने बताया कि कैसे पहले वह शिखर के साथ रिलेशनशिप में थीं फिर इनका ब्रेकअप हो गया और बाद में दोनों साथ आए। जाह्नवी ने शिखर का खुशी और बोनी के साथ बॉन्ड के बारे में भी बताया था। उन्होंने कहा था, ना सिर्फ मेरे लिए बल्कि खुशी और पापा यहां तक की परिवार में सबके लिए शिखर साथ रहा है। जब दोस्त रहे तब भी। वह बिना अपने बारे में सोचे बस सबके लिए आगे रहता है।

हॉलीवुड मसाला

तस्वीर ने मचाई सनसनी

लॉस एंजिलिस। हॉलीवुड की फेमस सिंगर सेलेना गोमेज अपने गानों पर लाखों-करोड़ों लोगों को थिरकने पर मजबूर कर देती हैं। फैंस उनकी आवाज के कायल हैं। प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ उनकी पर्सनल लाइफ भी खूब चर्चा में रहती है। सेलेना इन दिनों बेनी ब्लैंको को डेट कर रही हैं। अब उन्होंने खुद ये बात दुनिया को बता दी है, क्योंकि हाल ही में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड मिलने के बाद सेलेना ने खुशी से झूमते हुए अपने नए बॉयफ्रेंड को लिप किस कर लिया। उनकी तस्वीर ने सोशल मीडिया पर सनसनी मचा दी है।

घर में मृत पाई गईं पोर्न स्टार थैना फील्ड्स

लॉस एंजिलिस। पेरू की रहने वाली पोर्न स्टार थैना फील्ड्स की मौत हो गई है। वह अपने घर में मृत पाई गईं। थैना फील्ड्स की मौत ने हर किसी को चौंका दिया है क्योंकि कुछ समय पहले ही उन्होंने अडल्ट फिल्म इंडस्ट्री में अपने साथ हुए शोषण और दुर्व्यवहार को लेकर खुलासा किया था। उन्होंने इंडस्ट्री के कई बड़े लोगों पर आरोप लगाए थे। इन आरोपों के कुछ ही महीनों बाद वह मृत पाई गईं। थैना फील्ड्स पेरू के पॉपुलर पोर्न स्टार्स में से एक थीं। उनके आरोपों ने पूरी इंडस्ट्री में सनसनी मचा दी थी। थैना फील्ड्स के एक साथी और अडल्ट कंटेंट क्रिएटर अलेजेन्द्रा स्वीट ने एक इंटरव्यू में फील्ड्स की मौत की पुष्टि की और कहा कि वह इस बारे में और अधिक नहीं बता सकते। वह थैना फील्ड्स की मौत से बहुत दुखी हैं और सदमे में हैं। अल्जेंड्रा स्वीट ने अपने इंस्टाग्राम

90 की क्वीन बन छाने को है तैयार

मुंबई। रवीना टंडन ने वेब सीरीज 'अरण्यक' से ओटीटी पर दमदार डेब्यू किया था। पहली सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद अब ये एक्ट्रेस एक और थ्रिलर-सस्पेंस सीरीज के साथ ओटीटी पर वापसी करने जा रही हैं। रवीना टंडन की मच अवेटेड वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' का शुक्रवार को ट्रेलर रिलीज हो गया है। इस अपकमिंग सीरीज के ट्रेलर में रवीना टंडन का बेहद ग्लैमरस और दमदार अवतार देखने को मिला है। वेब सीरीज 'कर्मा कॉलिंग' में रवीना अरबों की मालकिन इंद्राणी कोठारी के किरदार में नजर आने वाली हैं। इंद्राणी कोठारी 90 के दशक की बॉलीवुड क्वीन रहती हैं जिन्होंने एक बेहद अमीर इंसान से शादी की है। बॉलीवुड से दूर इंद्राणी कोठारी अब अलीबाग में एक आलीशान महल में अपने परिवार के साथ शान-ओ-शौकत

'रामायण' की शूटिंग शुरू करेंगे रणबीर!

मुंबई। 'एनिमल' की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद रणबीर कपूर, साई पल्लवी के साथ महाकाव्य 'रामायण' पर काम शुरू करने वाले हैं। फिल्म का निर्देशन नितेश तिवारी करेंगे। यह एक हाई बजट फिल्म है, जिसके निर्माण में निर्माता हर एक छोटी सी छोटी चीज पर खासा ध्यान दे रहे हैं। फिल्म के एलान के बाद से ही फैंस इसके फ्लोर पर आने का इंतजार कर रहे हैं। अब यह इंतजार खत्म होता नजर आ रहे है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार, रणबीर कपूर 2 मार्च से 'रामायण' की शूटिंग शुरू करेंगे। साथ ही दो अन्य शेड्यूल पर भी बड़ा अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो, रणबीर कपूर 2 मार्च से मुंबई में 'रामायण' की शूटिंग शुरू करेंगे। इसके बाद अप्रैल और मई में भी दो शेड्यूल की योजना है। रिपोर्ट के सामने आते ही इस सिनेमाई तमाशे को लेकर प्रत्याशा बढ़ गई है।

टीवी मसाला

मालदीव को भूल थाईलैंड ट्रिप पर निकली सवी

मुंबई। फेमस टीवी एक्ट्रेस भाविका शर्मा 'गुम है किसी के प्यार में' में अपनी एक्टिंग से दर्शकों का दिल जीत रही हैं। अपने टैलेंट और अच्छे लुक्स के लिए जानी जाने वाली भाविका का सोशल मीडिया गेम भी टॉप पर रहता है। अपने फॉलोअर्स के साथ फनी रील्स वीडियो शेयर करने से लेकर ग्लैमरस तस्वीरों के साथ लोगों का एंटरटेनमेंट करने तक, एक्ट्रेस अक्सर अपने फैंस को अपडेटेड रखती हैं। उनकी हालिया तस्वीरें थाईलैंड ट्रिप की हैं, जो इंटरनेट पर आग लगा रही हैं। भाविका ने थाईलैंड में अपनी हालिया छुट्टियों की फोटोज शेयर कीं। सड़क पर खड़े होकर शहर की हलचल को निहारते हुए, भाविका अपने स्टाइलिश आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं।

मुनव्वर की बहन और जीजा ने किया आयशा के दावों पर पलटवार

मुंबई। मुनव्वर फारूकी के बारे में आयशा खान ने तमाम बातें बोली हैं। 'बिग बॉस 17' में जबसे वह वाइल्डकार्ड के तौर पर आई हैं। तब से वह स्टैंडअप कॉमेडियन के बारे में चौंकाने वाले दावे कर रही रही हैं। हाल ही के एपिसोड में उन्होंने ये भी कहा था कि मुनव्वर ने किसी फेमस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को शादी का रिश्ता भी भेजा है। इतना ही नहीं, उनके कैरेक्टर की भी धज्जियां उड़ाई थी। अब 'लॉक अप' विनर की फुफेरी बहन और बहनोई ने रिएक्ट किया है। नॉमिनेशन टास्क के बाद आयशा खान बुरी तरह फट पड़ीं। जैसे ही मुनव्वर ने उनको नॉमिनेट किया, तो वह आग बबूला हो गईं। इसके बाद वह घरवालों से मुनव्वर के चिथड़े उड़ाने की बात कहने लगीं। साथ ही उनकी हर चीज का मजाक बनाने के अलावा कई चौंकाने वाले दावे भी करने लगीं। चैट पर हुई बातें बताईं। साथ ही ये भी खुलासा किया कि उनके और नाजिला के कितने अच्छे संबंध हैं। वह दोनों ही मुनव्वर की इंग्लिश का मजाक उड़ाती हैं।

अटल से इंदिरा तक... साल 2024 में होगी बायोपिक की धूम

मुंबई। भारतीय सिनेमा का स्तर दिन-ब-दिन व्यापक होता जा रहा है। दर्शकों की रुचि को ध्यान में रखकर अलग-अलग जॉनर की फिल्मों का निर्माण किया जा रहा है। आज कॉमेडी, एक्शन से लेकर थ्रिलर समेत कई जॉनर की फिल्में और वेब सीरीज दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। इसी कड़ी में बीते कुछ सालों से बायोपिक का चलन भी काफी बढ़ा है। साल 2024 भी बायोपिक से गुलजार होने वाला है। इस साल कई बहुप्रतीक्षित बायोपिक पर्दे पर धमाल मचाने आएंगी। आइए इनकी सूची पर गौर फरमा लेते हैं-

'मैं अटल हूं'

पंकज त्रिपाठी, पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की बायोपिक का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 'मैं अटल हूं' का उद्देश्य राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता पंकज त्रिपाठी के चित्रण के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेयी की विरासत को जीवंत करना और उनके प्रभावशाली कार्यकाल को प्रतिबिंबित करना है। बहुप्रतीक्षित फिल्म 19 जनवरी, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



अजय ने सजाई 'मैदान'

अजय देवगन की फिल्म 'मैदान' की रिलीज डेट कई दफा बदली जा चुकी है। इसे साल 2020 से लेकर अब तक टाला जा रहा है। 'मैदान' में अजय देवगन के अलावा प्रियामणि और गजराज राव जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में हैं। अमित शर्मा के डायरेक्शन में बनी यह मूवी वर्ष 1952 और 1962 के बीच भारतीय फुटबॉल के स्वर्ण युग पर आधारित है।

'चकदा एक्सप्रेस' की धूम

बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा अपनी अपकमिंग फिल्म 'चकदा एक्सप्रेस' को लेकर सुर्खियों में हैं, जो भारतीय महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है। इस फिल्म में अनुष्का धमाकेदार क्रिकेट खेलती नजर आएंगी, जिसके लिए अभिनेत्री ने कड़ी ट्रेनिंग ली है। रिपोर्ट्स की मानें तो, अनुष्का की यह फिल्म इसी साल ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

'इमरजेंसी' की चर्चा

कंगना रणौत अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर चर्चा में हैं, जिसमें कंगना दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। 'इमरजेंसी' में कंगना न सिर्फ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी, बल्कि उन्होंने इसके निर्देशन की कमान भी संभाली है। इस फिल्म मे अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और सतीश कौशिक भी हैं। फिल्म इस साल रिलीज होगी। हालांकि, इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठना अभी भी बाकी है।

कार्तिक की 'चंदू चैंपियन'

कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'चंदू चैंपियन' को लेकर चर्चा में हैं। कार्तिक के फैंस उन्हें इस स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म में देखने के लिए बेकरार हैं। इस फिल्म की कहानी मुरलीकांत पेटकर के जीवन पर आधारित होगी। 'चंदू चैंपियन' को साल 2024 में रिलीज किया जाएगा। मुरलीकांत पेटकर स्वर्ण पदक विजेता है, जिन्होंने 1970 के राष्ट्रमंडल खेलों में और फिर 1972 में जर्मनी में आयोजित पैरालंपिक में उन्होंने देश को गौरवान्वित महसूस कराया।

'छावाः द ग्रेट वॉरियर'

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना अभिनीत बहुप्रतीक्षित ऐतिहासिक ड्रामा 'छावाः द ग्रेट वॉरियर' अपने ऐलान के बाद से ही लाइमलाइट में है। फिल्म की कहानी महान मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के पुत्र छत्रपति संभाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। 'छावाः द ग्रेट वॉरियर' का निर्माण दिनेश विजन और जियो स्टूडियोज द्वारा किया गया है। फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

ओडिशा में सिर्फ कोणार्क ही नहीं बल्कि इन जगहों को भी जरूर करें एक्सप्लोर, फैमिली के साथ बना सकते हैं प्लान

बंगाल की खाड़ी के तट पर बसा ओडिशा राज्य बेहद खूबसूरत होने के साथ एक पर्यटक स्थल भी है। ओडिशा का कोणार्क सूर्य मंदिर के लिए सबसे ज्यादा फेमस है। राजा नरसिंह देव प्रथम ने बाहरवीं शताब्दी सूर्य देव को समर्पित इस मंदिर का निर्माण करवाया था, जो आज के समय में भी देश-विदेश के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। इस मंदिर की ऊँचाई करीब 227 फीट है, जो देश के सभी मंदिरों से ज्यादा है। इस मंदिर का निर्माण सूर्यदेव के रण के रूप में किया गया है। इस मंदिर में 7 घोड़े और 24 पहिए बने हुए हैं। आपको जानकर हैरानी होगी कि पहियों की तीलियों पर पड़ने वाली सूर्य की किरणों को देखकर सही वक्त बताया जा सकता है। इस मंदिर की नक्काशी भी काफी शानदार है। साथ ही मंदिर की नायाब बनावट के कारण यूनेस्को ने साल 1984 में इसे वर्ल्ड हेरिटेज साइट घोषित कर दिया था। ऐसे में अगर आप भी इस सर्दी कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं और आप यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि आपको कहां जाना चाहिए, तो आप एक बार कोणार्क आने का प्लान बना सकते हैं। इसके अलावा आप यहां पर अन्य कई जगहों को भी एक्सप्लोर कर सकते हैं।

कोणार्क में घूमने वाली जगहें

अस्तरंग बीच- बता दें कि कोणार्क से 19 किमी दूर स्थित यह समुद्र तट अपने सनसेट के नजारे के लिए काफी फेमस है। वहीं यह बीच सुबह-सुबह लगने वाले मछली बाजार के लिए भी फेमस है। यहां पर मछली खरीदने के अलावा, मछली पकड़ने, पकाने और तरह-तरह की मछलियों को खाने का भी लुत्फ उठा सकते हैं।

सूर्य मंदिर- कोणार्क का सूर्य मंदिर इस जगह के आकर्षण का केंद्र है। इस मंदिर में तीन तरह के पत्थरों का इस्तेमाल किया गया है- मंदिर की चारदीवारी, फर्श और सीढ़ियों पर लेटेराइट पत्थर, दरवाजों की चौखट पर क्लोराइट पत्थर और बाकी पूरी जगह पर खोंडालाइट पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। यूरोपीय नाविकों ने पत्थरों के काले रंग के कारण इसे ब्लैक पगोडा नाम दिया। यहां पर हर साल कोणार्क डांस फेस्टिवल भी आयोजित किया जाता है। इस कार्यक्रम में भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, ओडिसी, कथक, मणिपुरी आदि कई क्लासिकल डांस का प्रदर्शन किया जाता है।

चंद्रभागा बीच- सूर्य मंदिर से करीब 3 किमी की दूरी पर इस चंद्रभागा नदी के नाम पर इस समुद्र तट का नाम पड़ा है, जो इसके पास समुद्र में मिलती है। यहां पर सूर्योदय का नजारा देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ लगती है। कहा जाता है कि जब श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब को कुष्ठ रोग हो गया था। तो उस रोग से निजात पाने के लिए साम्ब ने इसी स्थान पर सूर्यदेव की उपासना की थी। दिसंबर-जनवरी में हर साल यहां सैंड आर्ट फेस्टिवल का आयोजन किया जाता है, जिसको न सिर्फ देखने बल्कि उसमें हिस्सा लेने के लिए विदेशों से भी पर्यटक आते हैं। बता दें कि चंद्रभागा बीच को देश के फर्स्ट ब्लू फ्लैग सर्टिफिकेशन का गौरव भी प्राप्त है। यह सर्टिफिकेट आधुनिक सुविधाओं और बीच की साफ-सफाई के आधार पर दिया जाता है।

कोणार्क म्यूजियम- कोणार्क म्यूजियम में आप कई मूर्तियां व दूसरी अन्य सभ्यताओं के अवशेष देख सकते हैं। साथ ही आप इनके बारे में अधिक जानकारी भी ले सकते हैं।

कब बनाएं प्लान- आपको बता दें कि कोणार्क घूमने का सबसे अच्छा समय अक्तूबर से मार्च तक होता है। क्योंकि अन्य महीनों में यहां पर चिपचिपी गर्मी होती है।

कैसे पहुंचे- आप यहां पर सड़क मार्ग द्वारा पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा आप पुरी और भुवनेश्वर दोनों ही जगह ट्रेन से भी पहुंच सकते हैं। वहीं अगर आप फ्लाइट से आने का प्लान कर रहे हैं, तो यहां भुवनेश्वर नजदीकी हवाई अड्डा है।

योगी सरकार में गोवंश की दुर्दशा भंदवां गांव में नोच रहे कौवे और कुत्ते, प्रधान व सेक्रेटरी रजाई में!

प्रखर चोलापुर वाराणसी। एक तरफ योगी सरकार गौ माता व गोवंश के संरक्षण के लिए लाखों रुपए ग्राम सभा को दे रही है। और उन्हें संरक्षित व सुरक्षित करने के लिए चारदीवारी सहित त्रिपाल के लिए पूरा खर्च उठा रही

आधा दर्जन के करीब गोवंश गौशाला में पड़े दिखे मृत

है। लेकिन दूसरी तरफ प्रधान और सेक्रेटरी के साथ अन्य संबंधित अधिकारियों की मिली भगत से पैसे का बंदरबांट कर योगी सरकार की गौ माता को लेकर आस्था पर पूरी तरह पानी फेर दिया जा रहा है। आये दिन गौमाता व गौवंश की दुर्दशा देखने को मिल ही रही है। एक ताजा मामला वाराणसी जनपद के चोलापुर ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम सभा भदवा का है। जहां पर ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से आधा दर्जन के करीब गोवंश मृत पड़ी है, जिन्हें कुत्ते व

कौए नोच रहे हैं। लेकिन उसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों द्वारा भौतिक स्थान पर जाकर देखा गया तो पूरे गौशाला परिसर में गाये इधर-उधर घूम रही थी और उन्हीं के बीच करीब आधा दर्जन के आसपास गोवंश मरे पड़े हुए थे। जिन्हें कुत्ते व कौए नोच रहे थे। साथ ही ग्रामीणों ने वहां पर कार्य करने वाले लोगों से पूछा कि 10 बज गए है, चारा दिया गया की नही, तो बोले नहीं। और बोले कि अब आये है तो चारा देंगे। ऐसे में साफ अनुमान लगाया जा सकता है कि गोवंश भूख से भी मार रही होगी, क्योंकि जब 10 बजे तक गोवंश को चारा नहीं दिया गया, तो आप स्थिति का अनुमान लगा सकते हैं। ऐसा साफ लग सकता हैं कि भूख से भी तड़प रही होगी। लेकिन प्रधान व सेक्रेटरी पर इसका कोई असर नहीं है। उक्त मामले में जब सेक्रेटरी से बात की गई तो उन्होंने पहले तो फोन नहीं उठाया लेकिन कुछ समय बाद उनका फोन आया तो उन्होंने बताया कि संभवतः आज की मारी होगी या फिर बीती रात मर गई होगी। लेकिन ज्यादा नही मरी होगी। वहां पर चारदीवारी है, लेकिन एक तरफ से चारदीवारी न होने की वजह से नदी का किनारा है, जिसकी वजह से जंगली जानवर भी गौशाला में घुस जाते हैं और गोवंश को क्षति पहुंचाते हैं। ऐसा कहकर उन्होंने अपना पल्ला झाड़ लिया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बाकी बची चारदीवारी बनाने के लिए ब्लॉक में प्रस्ताव दिया गया है, जल्द ही चारदिवारी बन जाएगी। वहीं दूसरी तरफ जब प्रधान को फोन लगाया गया तो उन्होंने कहा कि मैं दो-तीन दिन से उधर नहीं गया हूं, जाकर देखा हूं कि क्या स्थिति है? अब सवाल यह है कि ग्राम सभा का प्रधान अपनी गौशाला पर दो-तीन दिन पहले गया होगा तो आप इसका अंदाजा लगा सकते हैं कि उस गौशाला की स्थिति क्या होगी? इसके अलावा गौशाला परिसर में ही खोदकर मृत गोवंश को दफनाया गया था। लेकिन प्रखर पूर्वांचल को प्राप्त वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि मिट्टी से खोदकर कुत्ते मृत गौ वंश को नोच कर खा गए होंगे, इसका वहां पर मौजूद हड्डियों से अनुमान लगाया जा सकता है। वीडियो में गोवंश की हड्डियां जगह-जगह बिखरी पड़ी हुई थी।

तिब्बत भारत के लिए है महत्वपूर्ण : स्वामी बालक दास

प्रखर गाजीपुर। भारत तिब्बत समन्वय संघ के स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को भुतहियाटाड़ स्थित एक होटल में 'अभ्युत्थान्म 2024' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि स्वामी बालक दास महाराज (पातालपुरी पीठाधीश्वर काशी) ने कहा कि तिब्बत भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। तिब्बत के लोग भी चाहते हैं कि हम भारत से जुड़कर रहें।

उन्होंने कहा कि जितनी एकता दुर्जनों में है उतनी एकता जिस दिन सज्जनों में आ गई उस दिन देश को विश्व गुरु बनने से कोई रोक नहीं सकता। हमें एक होने की आवश्यकता है तभी हम भारत तिब्बत समन्वय संघ के संकल्प अभ्युत्थान्म 2024 को पूर्ण कर पाएंगे। राष्ट्रीय सह संयोजक पवन कुमार सिंह ने कहा कि पूरे वर्ष 100 जगहों पर इस तरह के कार्यक्रम

आयोजित किया जाएगा। कैलाश मानसरोवर की मुक्ति और तिब्बत की स्वतंत्रता जब तक हम प्राप्त नहीं कर लेंगे तब तक हमारे कदम रुकने वाले नहीं है। कार्यक्रम के संयोजक मानवेंद्र सिंह मानव ने कहा कि अभ्युत्थान्म 2024 का कार्यक्रम जो पूरे देश में आयोजित किया जाएगा उसकी शुरूआत जनपद गाजीपुर से हो रही है। जयप्रकाश ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आचार्य भारत भूषण दास महाराज, महंत गुरु रविदास गोवर्धन, संत कबीर प्रकाश शास्त्री, योगी रामनाथ, सुनील सिंह जिलाध्यक्ष भाजपा, स्मृति सिंह, सुमित सिंह, डॉ. डीपी सिंह, सुधाकर सिंह,डॉ. पूजा श्रीवास्तव, सौम्य प्रकाश बरनवाल, अविनाश जयसवाल, कार्तिक गुप्ता, शशिकांत शर्मा, गर्वजीत सिंह सहित आदि रहे।

राष्ट्रीय ब्रह्मर्षि संघ भारत वर्ष के तत्वावधान में बैठक का आयोजन

प्रखर वाराणसी। वाराणसी के समृद्धि मैरेज हॉल मानिक नगर लहरतारा में राष्ट्रीय ब्रह्मर्षि संघ भारत वर्ष के तत्वावधान में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समाज की दशा, दिशा एवं समाधान पर मुख्य रूप से चर्चा हुई। जिसमें बैठक की अध्यक्षता वशिष्ठ मुनि पाण्डेय ने किया ब्रह्मर्षि समाज के संरक्षक बीरभद्र राय, पूर्व कुलपति प्रोफेसर अमरनाथ राय, रजनीश राय, रमाकांत सिंह मिंटू, श्रीमती आशा सिंह, डॉ राजलक्ष्मी राय, डॉ ओमप्रकाश राय, सुधीर कुमार राय, डॉ प्रमोद कुमार दीक्षित एड॰आलोक कुमार सिंह अखिलेश सिंह जी एवं डॉ के॰एन॰ राय ने मंच का संचालन किया। सभी आगंतुको का स्वागत एवं अभिनन्दन कार्यकारी अध्यक्ष प्रेम नारायण सिंह ने किया और बैठक के संयोजक साकेत सिंह, सत्यप्रकाश सिंह बाबू, अनिल कुमार राय के सहयोग से किया गया।

शिक्षा का मूल उद्देश्य संस्कार, रोजगार और आधुनिक तकनीकी से जोड़ना हैं : प्रो. पूनम टंडन

प्रखर गीडा,गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट एवं द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स गोरखपुर लोकल चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान मे "रिसेंट ट्रेंड्स इन आर्टिफिशल इंटेलिजेंस,मशीन लर्निंग एंड डीप लर्निंग "विषय पर एक सेमिनार का आयोजन संस्थान के डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम सभागार मे किया गया` कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि गोरखपुर विश्वविद्यालय कि कुलपति प्रो पूनम टंडन, संस्थान के सचिव श्याम विहारी अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, इं पी के मिश्रा, और निदेशक डॉ एन के सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया` कार्यक्रम के शुरूआत मे द इंस्टिटूशन्स ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के अध्यक्ष इं पी के मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और सेमिनार के रूपरेखा के बारे मे जानकारी दिया` कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रो पूनम टंडन ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन शिक्षा में हो रही नई तकनीकी प्रगति कैसे समाज में बदलाव ला रही है। वे नई उपायों, समाधानों, और तकनीकों की चर्चा करते हुए यह बतायी कि इससे आगामी समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में और भी अधिक संभावनाएं खुलेंगी, साथ ही उन्होंने ये नई तकनीकी और कृतिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रयोग के साथ - साथ हमें अपने प्राकृतिक बुद्धिमत्ता को भी संभालना होगा नही तो ते विनाशकारी भी हो सकता हैं` उन्होंने बताया कि शिक्षा का मूल उद्देश्य छात्रों को संस्कार, रोजगार और नई तकनीकी से जोड़ना हैं इसलिए छात्रों का समय -समय पर मनोवैज्ञानिक परीक्षण कराना भी आवश्यक हैं एमएमयूटी एलुमिनी एसोसिएशन के अध्यक्ष जे बी राय ने कहा कि तकनीकी का सही दिशा मे प्रयोग करके उन्नति कि तरफ जा सकते हैं और अगर इसका ठीक प्रकार से इस्तेमाल नही किया जायेगा तो ये समाज के लिए बहुत नुकसानदायक भी हो सकता हैं` संस्थान के पूर्व छात्र एवं आईआईआईटी

भागलपुर मे डॉ. तामेश्वरनाथ तिवारी ने टेक्निकल सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि सीमित अंकुशों से बाहर निकलता हुआ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन शिक्षा और गहन अध्ययन का नया युग हैं, इसके माध्यम से छात्रों को नए और आधुनिक गुणस्तर की शिक्षा प्रदान करने मे हितकारी साबित हो रहा हैं` उद्यमियों और उद्योग जगत से आये हुए विशेषज्ञों ने बताया कि इस तकनीकी युग में यह आवश्यक है कि कंपनियाँ और उद्यमी इस तकनीक का उपयोग कर-के अपने व्यवसाय मॉडल को बेहतर बना सकते हैं।

युवा शक्ति के बल पर देश आगे बढ़ेगा : हंसराज विश्वकर्मा

प्रखर वाराणसी। नेहरू युवा केंद्र वाराणसी एवं महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में युग द्रष्टा ,युवा संन्यासी, युग पुरुष, स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस एवं युवा सप्ताह का शुभारंभ महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के सभागार में दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वामी विवेकानंद तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी देश युवा शक्ति के बल पर ही आगे बढ़ सकता है वहां के युवाओं की जैसी सोच होगी वैसा ही देश बनेगा` स्वामी विवेकानंद ने 39 वर्ष की अल्पायु में न सिर्फ भारत में बल्कि पूरी दुनिया में भारतीय सभ्यता व संस्कृति के आदर्शों को प्रतिस्थापित किया वे धर्म को वास्तविक अर्थों में परिभाषित किए तथा भारत मां को आजाद कराने की प्रतिबद्धता को सबसे बड़ा धर्म बताया उन्होंने कहा कि अक्सर

लोग पूछ बैठते हैं की इस देश ने हमें क्या दिया ? जबकि स्वयं से पूछना चाहिए कि हमने अपने देश को क्या दिया अब वक्त आ गया है की प्रधानमंत्री जी के विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए युवा शक्ति आगे आए और 2047 मे भारत को विकसित राष्ट्र की श्रेणी में लाकर ही दम ले` महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो त्यागी ने कहा की जब ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां एकत्रित होती है तो कोई महामानव इस धरती पर अवतरित होता है उसी में से एक स्वामी विवेकानंद थे` उठो,जागो और तब तक आगे बढ़ते रहो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए जैसे विचार देकर पूरे विश्व को संदेश देने वाले स्वामी विवेकानंद ही थे दुनिया में जो भी महापुरुष पैदा होते है उन्हे लोक जीवन की कठिन परीक्षा देनी ही पड़ती है` देवानंद बनरवाल टी.एस.आई.ने कहा कि आए दिन सड़क दुर्घटना में बढ़ोतरी होती जा रही है जिसका मुख्य कारण जन सामान्य द्वारा ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं किया जाना है` जल्दबाजी और लापरवाही (असावधानी) सड़क दुर्घटना के दो प्रमुख कारण हैं इसीलिए आपको सड़क पर जगहझजगह सावधानी हटी, दुर्घटना घटी और दुर्घटना से देर भली के बोर्ड लगे हुए मिल जाएंगे इस जल्दबाजी और लापरवाही के कारण न जाने कितने मासूम एवं बहुमूल्य जीवन मृत्यु की भेंट चढ़ जाते हैं असावधानी केवल वाहनचालक से ही नहीं होती,अपितु पैदल चलने वाले यात्रियों से भी होती है अतः यात्रा करते समय हमें जल्दबाजी और असावधानी दोनों से ही बचना चाहिए।

भवानीपुर पंचायत भवन पर राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का आयोजन

प्रखर दानगंज वाराणसी। भवानीपुर पंचायत भवन पर राष्ट्रीय युवा दिवस पर सभा किया गया। जिसमें चेतना गीत - ओ राही ओ राही तू रौशनी का सिपाही चेतना गीत से व आओ हम सब मिलकर एक राष्ट्र का निर्माण करें, जो कभी किया नहीं वह कम करें, जिसमें आपस में भेद न हो, किसी के साथ अन्याय ना

"संवैधानिक राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान"

हो अत्याचार ना हो, कोई गरीब ना हो कोई बेरोजगार ना हो, कोई लाचार ना हो कोई अशिक्षित ना हो, सभी में प्रेम बंधुता हो सभी खुशहाल हो, युवाओं का उत्साह वर्धन किया गया व संस्था के उद्देश्य एवं कार्यों, युवा दिवस क्यों मनाया जाता है? स्वामी विवेकानंद जी का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ। 1984 में राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया गया। सन 1985 से हर जगह युवा दिवस मनाया जाने लगा। विवेकानंद

जी के जीवन के संघर्ष तथा युवाओं के हितार्थ योगदान व आओ इंसान बने उठो जागो और तब तक मत रुको, जब तक की अपने लक्ष्य तक ना पहुंच जाओ। मानवता की सेवा के लिए युवा खुद को प्रशिक्षित करें और मानव सेवा को सर्वोपरि सेवा समझे चर्चा किया गया। इसके पश्चात संविधान क्या है।संविधान क्यों जरूरी हैबताया गया। संवैधानिक राष्ट्र निर्माण में युवाओं का योगदान पर युवाओं का मार्गदर्शन किया गया व वर्तमान में युवाओं की स्थिति क्या है? युवा क्या कर सकते हैं अपनी स्थिति बेहतर करने के लिए खुला सत्र चलाया गया। जिसमें बेरोजगारी, महंगी शिक्षा, वर्तमान में डर का माहौल, महंगाई, बढ़ती गरीबी, नशा की समस्या निकलकर आयी व इसके लिए युवा आगे बढ़े आवाज उठाएं। युवा अपने जीवन में आने वाली चुनौतियों परेशानियों को देखे समझे और उन्हें दूर करने का प्रयास करें तथा संविधान के उद्देशिका पढ़कर संकल्प लिया गया तथा यह भी संकल्प लिया गया की - हम खुद में परिवर्तन लाएंगे,हम बुराइयों से खुद को बचाएंगे,अच्छाइयों को अपनाएंगे।

छोटे बड़े सभी का सम्मान करेंगे।

रुकेंगे नहीं, थकेंगे नहीं, डरेंगे नहीं, हारेंगे नहीं, चलते जाएंगे चलते जाएंगे।

मंजिल को पाने के लिए खुद रास्ता बनाएंगे, व मंजिल को पाएंगे,मंजिल को पाएंगे। इसी के साथ सबको धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। इस सभा में कुल 42 युवाओं / किशोरियों की भागीदारी रही।

आध्यात्म और सनातन में सभी खजाना निहित : जी.के.

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। जान्हवी सेवा समिति के तत्वावधान में बीएचयू के कृषि विज्ञान संस्थान स्थित शताब्दी भवन हाल में आयोजित कार्यक्रम में आध्यात्मिक वक्ता जी.के.सर ने कहा कि वर्तमान मार्डन जीवन में नई पीढ़ी के युवाओं को सनातन और आध्यात्म की जानकारी अवश्य देनी चाहिए` इससे युवाओं के अंदर ऊर्जा और विश्वास की क्षमता का विकास होगा और वे जीवन में हर बाधा को आसानी से पार कर लेंगे उन्होने कहा कि हर एक के जीवन में कठिंन परिस्थितियां आती हैं ऐसे में हमें अपने मनोबल और साहस को बनाए रखना चाहिये एवं सकारात्मक सोच के साथ अपने कार्य को लगन और निष्ठा के साथ सम्पादित करना चाहिये इससे हमें सफलता अवश्य मिलेगी` जी.के. सर ने कहा कि जीवन में तनावग्रस्त तभी हम होते हैं जब हमारे अंदर ज्ञान की कमी होती है तनाव मुक्त होने के लिये मनुष्य को आध्यात्म का सहारा लेना चाहिये और अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखना चाहिये उन्होने कहा कि हमें अपने सभी कार्यों को खुशी मन और समर्पण भाव से करना चाहिये इससे वह कार्य हो भी जाता है और पता भी नहीं चलता` आध्यात्मिक वक्ता ने कहा कि हमें अपने बच्चों को धर्म और शास्त्र की भी जानकारी देनी चाहिये जिससे वे अपने सनातनी संस्कार को भली भांति जान सकें उन्होने कहा कि स्कूलों में भी वैदिक और आध्यात्म का ज्ञान बच्चों को देना चाहिये` कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों ने धर्म और आध्यात्म से सम्बन्धित कई प्रश्न भी पूछे जिनका उन्होने सही जवाब देकर सबको संतुष्ट भी किया` कार्यक्रम का शुभारम्भ मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ प्रारम्भ में समिति के अध्यक्ष डा. राजेंद्र पचैरी ने जी.के.सर को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया` इस अवसर पर कृषि विज्ञान संस्थान के प्रो.ए.के.नीमा, एच.के. सिंह,रविंद्र सिंह,नित्यानंद तिवारी,भूपेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह,अनिल तिवारी,ज्ञानेंद्र सिंह, पवन मिश्रा, आलोक गोस्वामी, प्रमोद पाण्डेय, गौरव खन्ना,के.के. मिश्र,प्रकाश पति त्रिपाठी सहित अन्य विशिष्ठ जनों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ायी` कार्यक्रम का संचालन हरप्रीत कौर एवं धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव गोविंद शुक्ला ने किया।

संक्षिप्त खबरें

कुचडेहरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर। सहजनवां ब्लॉक के ग्राम सभा कुचडेहरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान दीपनरण ने किया ,जिसमें भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं को बारे में बताया गया, आयुष्मान कार्ड एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में वृहद जानकारी दी गई! जिसमें कृषि विभाग से प्रदीप पांडे, ग्राम सचिव गौरी सिंह, प्रधान , जिला महामंत्री भाजपा डॉक्टर आरडी सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे , विशंभर नाथ शर्मा मंडल महामंत्री , , राष्ट्रीय आजीविका मिशन समूह की समस्त महिलाएं, तथा भारी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

बच्चों सहित पत्नी बैठी धरने पर, डीएम के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने हिरासत में लिए युवक को छोड़ा

पत्नी का आरोप पचास हजार रुपए की डिमांड कर रही थी पुलिस

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के कुसैला ग्राम सभा निवासी युवा किसान को हिरासत में लेकर पुलिस गुरुवार को कोतवाली पहुंची। वही पत्नी का आरोप है कि पुलिस द्वारा पचास हजार रुपए की डिमांड की गई, जिसके बाद महिला थाने के बाहर धरने पर बैठ गयी। बताया जाता है कि जिलाधिकारी के हस्तक्षेप के बाद पुलिस उसे छोड़ दिया। उसके बाद पुलिस की खूब किरकिरी हो रही है। जानकारी के अनुसार कुसैला निवासी नागेन्द्र यादव ने आरोप लगाते हुए बताया कि में गुरुवार सुबह सब्जी बेचने के लिए केराकत सब्जी मंडी में गया था। जहां से केराकत कोतवाली के कुछ सिपाही उसे हिरासत में ले लिये। कहा कि चलो इंस्पेक्टर साहब बुलाए है। सूचना मिलने पर उसकी पत्नी सरोजा देवी 27 वर्ष अपने चार बच्चों के साथ थाने पंहुची और पति को छोड़ देने की गुहार लगाने लगी। कुछ देर बाद कुछ पुलिस वाले उसके पास पहुंचे और पत्नी ने आरोप लगाया कि उसके पति को छोड़ देने के एवज में पचास हजार रुपए की डिमांड की गई। नही देने पर जेल भेजने की धमकी भी दी गई। पुलिस की? डिमांड सुन उसकी पत्नी के पैरों तले जमीन खिसक गई, और वह पति को छुड़ाने के लिए थाने के बाहर बच्चों के साथ धरने पर बैठ गयी। पति के छूटने का इंतजार करते- करते शाम हो गई। इसके बाद सरोजा देवी ने डीएम अनुज कुमार झा का नम्बर किसी तरह प्राप्त कर डीएम को फोन किया और पुलिस की डिमांड व निरपराध पति को छोड़ने की गुहार लगाई। इसपर डीएम ने उसे आश्वासन दिया और मामले को देखने को बात कही। जिसके बाद हरकत में आयी पुलिस ने हिरासत में लिए गये युवक को छोड़ दिया। उक्त मामले में केराकत सीओ ने बताया कि युवक अपराधिक प्रवृत्ति का था, इसलिए इसको पूछताछ के लिए बुलाया गया था।

जरूरतमन्दों में 500 कंबल का हुआ वितरण

प्रखर गोरखपुर। स्व के. के. शुक्ल जी के चौथे पुण्य तिथि पर हर बर्ष की भाँति इस बर्ष भी ग्राम सभा परमेश्वरपुर मे जरूरत मन्दो मे 500 कंबल वितरण किया गया, अधिवक्ता हाई कोर्ट प्रयागराज ने कहा कि जरुरत मन्दो की सेवा हर बर्ष होती रहेगी प्रयास रहेगा और अच्छे से किया जाय, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मे पूर्व प्रधान नेवास श्री छोटकू तिवारी जी उपस्थिति रहे उन्होंने कहा इस तरह की व्यवस्था देख कर मन अभिभूत है और मेरे लायक जो भी सहयोग होगा हर बर्ष निरंतर जारी रहेगा , साथ ही भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री श्री देवानंद शुक्ल जी, ब्लॉक अध्यक्ष हिन्दू युवा वाहिनी श्री मयंक त्रिपाठी जी, सुधीर जी, अधिवक्ता श्री भूपेंद्र त्रिपाठी जी, श्री राघवेन्द्र शुक्ल जी, श्री यमुना शुक्ल जी सहित ग्राम वासी .. राजेश मिश्रा जिलाध्यक्ष् संघ गोरखपुर एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य परमेश्वरपुर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

सीएचसी पिपरौली में पानी को तरस रहे मरीज और तीमरदार, दो वर्षो से खराब पड़ा है अस्पताल परिसर का हैंडपंप

प्रखर सहजनवां,गोरखपुर।पिपरौली ब्लॉक क्षेत्र के बांसपर ग्राम पंचायत ने स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरौली में स्थित हैंड पंप खराब होने से मरीजों के साथ साथ उनके साथ आए तीमारदारों को भी पीने योग्य पानी नही मिल पा रहा है। सीएचसी अधीक्षक डॉ शिवानंद मिश्र ने बताया कि अस्पताल परिसर में दो हैंड था। दो वर्ष से अधिक समय से दोनो नल खराब चल रहे है, जिसकी शिकायत कई बार ग्राम सचिव के साथ साथ ब्लॉक के जिम्मेदारों को अवगत कराया गया लेकिन सभी जिम्मेदार अनसुना कर मौन साध लेते हैं । संपूर्ण परिसर में एक समर सिबल के बदौलत पूरे अस्पताल में पानी की सप्लाई की जाती है। बिजली कट जाने से अगर पानी टैंक में पानी खत्म हो जाता है तो कर्मचारियों के साथ मरीजों को भी जल का संकट उत्पन्न हो जाता है। वहा मौजूद स्थानीय लोगों ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीजों के साथ आए उनके परिजनों को नहाने एवं पीने योग्य पानी नही नसीब होता है। गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी होती हैं । परिसर में हैंड पंप खराब हुए काफी समय हो गया लेकिन कोई भी जिम्मेदार उसको ठीक नही करा रहा हैं।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं